सुविचार
उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 29 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 223 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




कृति सेनन ने नेशनल अवॉर्ड जीतने का...

08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 64,996.60 |
| निफ्टी | : | 19,306.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,58 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**IMPHAL :** हिंसा की लपटों में घिरे मणिपुर में सुरक्षाबल अवैध आग्नेयास्त्रों के खिलाफ अभियान चला रही है। असम राइफल्स और भारतीय सेना ने मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के एक गांव में एक संयुक्त अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने रविवार को कुकी और मैतेई के बीच जातीय हिंसा वाले क्षेत्र गेलमोल गांव में छापा मारा। जवानों ने यहां से मैगजीन के बिना एक एम 4 असॉल्ट राइफल, मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, एक स्टेन मशीन गन, मैगजीन सहित एक 9 मिमी देसी पिस्तौल, मैगजीन के साथ 0.22 मिमी की एक पिस्तौल, इंम्प्रोवाइज्ड मोर्टार सहित बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है।

### रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी 31 अगस्त को

**RANCHI :** रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी अब 31 अगस्त को होगी। एनआइए एक्ट के तहत कार्मिक विभाग ने सार्वजनिक अवकाश देने का आदेश जारी सोमवार को किया है। पहले या छुट्टी 30 अगस्त को दी गई थी लेकिन विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिलने के बाद रक्षाबंधन की छुट्टी 31 अगस्त को घोषित की गयी है, यानी इस दिन अब झारखंड राज्य सचिवालय सहित संलग्न कार्यालय व सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। बैंकों में भी छुट्टी रहेगी।

### धुर्वा पोस्ट ऑफिस में 50 लाख का फर्जीवाड़ा, चार निलंबित

**RANCHI :** धुर्वा पोस्ट ऑफिस के खाता धारकों से एजेंट ने 50 लाख रुपये उड़ा लिए हैं जिसकी जानकारी होने पर खाता धारकों ने इस मामले में प्रशासन से मदद और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। खाताधारक नागेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी समेत अन्य के अकाउंट से उनके जमा पैसे को किसी ने अवैध तरीके से निकाल लिया। जब इस मामले की शिकायत पोस्टमास्टर को दी गई तो पोस्टमास्टर ने कार्रवाई की बात कही। पोस्टमास्टर ने कहा कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। चार लोगों पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। अकाउंट रिनुअल करने के लिए खाताधारकों ने एजेंट के कहने पर एक हस्ताक्षर किया था। खाताधारकों को शक है कि उसी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर एजेंट और पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी ने उनके खाता से पैसे की निकासी कर ली। पीड़ितों ने बताया कि जो एक मुख्य एजेंट था, जिसने सभी लोगों को इस जालसाज में फंसाया था।



**अंतिम सोमवारी को भक्तों का रेला :** श्रावण की अंतिम सोमवारी पर 28 अगस्त को देवघर के बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोलेनाथ को जलार्पण के लिए रविवार की देर रात से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगने लगी। अंतिम सोमवारी पर त्रयोदशी तिथि व प्रदोष के दुर्लभ संयोग की वजह से अपार संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जलाभिषेक किया।

# नूंह : कड़ी सुरक्षा में जलाभिषेक, नहीं मिली यात्रा निकालने की अनुमति

**AGENCY NUH :** गुरुग्राम समेत अन्य जगहों से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सर्व जातीय हिंदू महापंचायत के आह्वान पर लोगों ने नल्हड़ मंदिर में जलाभिषेक किया। सोमवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच नल्हड़ मंदिर में साधु संतों सहित 51 लोगों से जलाभिषेक कराया। इसके अलावा स्थानीय लोगों पर जलाभिषेक के लिए कोई प्रतिबंध नहीं था। सावन के आखिरी सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सोमवार को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा का आह्वान किया था। नल्हड़ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए गुरुग्राम से तमाम साधु संत और अन्य लोग नूंह के शिव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंच गए। स्थानीय पुलिस ने बाहरी लोगों के नूंह में प्रवेश पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी थी। इसके लिए सोहना से पहले घामड़ौज टोल पर ही पुलिस ने लोगों को रोकना शुरू कर दिया। संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज भी जलाभिषेक के लिए पहुंचे। वह भी नल्हड़ जाने की जिद पर अड़. गए। पुलिस ने जब उन्हें आगे नहीं बढ़े दिया तो घामड़ोज टोल पर ही आचार्य महाराज धरना देकर बैठ गए। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने सिर्फ 51 लोगों को ही जलाभिषेक करने की अनुमति दी गई। पुलिस सुरक्षा में पटौदी आश्रम हरि मंदिर के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव और विश्व हिंदू परिषद के आलोक कुमार राय की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।



नल्हड़ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करते साधु-संत व जुटी भीड़।

# रिलायंस के बोर्ड में दूसरी पीढ़ी शामिल

## ईशा, आकाश व अनंत को जगह, नीता बाहर



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी।

**AGENCY MUMBAI :** रिलायंस घराने में अब दूसरी पीढ़ी की इंट्री हो गई है। ईशा, आकाश और अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बन गए हैं। शेयरहोल्डर्स की मंजूरी के बाद आरआईएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने सोमवार को मुकेश अंबानी के तीनों बच्चों को नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अपॉइंट किया। इसके साथ ही नीता अंबानी के इस्तीफे को भी बोर्ड ने एक्सेप्ट कर लिया है। कंपनी ने कहा कि नीता अंबानी रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन की भूमिका में बनी रहेंगी। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन के तौर पर नीता अंबानी आरआईएल बोर्ड बैठकों में शामिल होती रहेंगी। नीता ने रिलायंस फाउंडेशन को ज्यादा समय देने के लिए कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दिया है। अब तक, तीनों बच्चे केवल ऑपरेटिंग बिजनेस लेवल पर शामिल थे और कोई भी भारत की सबसे बड़ी लिस्टेड कंपनी के बोर्ड में नहीं था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि रिलायंस के बोर्ड ने तीनों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। पिछले साल मुकेश अंबानी ने अपने बड़े बेटे आकाश अंबानी को रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड का चेयरमैन बनाया था। ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल को संभाल रही है और अनंत अंबानी न्यू एनर्जी बिजनेस को देख रहे हैं।

### अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी यादव को भेजा समन

**AHMADABAD :** गुजरातियों पर की गई टिप्पणी को लेकर मानहानि मामले में सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ समन जारी कर 22 सितम्बर को कोर्ट में हाजिर होने को कहा है। अहमदाबाद के हरेश मेहता ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 499, 500 के तहत गुजरातियों को ठग कहने को लेकर मेट्रो कोर्ट में शिकायत की थी। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की टिप्पणी को लेकर सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई की गई। इस मामले में अभी तक 15 साक्षियों के बयान दर्ज किए गए हैं। वहीं, एक निजी न्यूज चैनल के पास से तेजस्वी यादव के बयान से संबंधित ऑरिजनल वीडियो फुटेज लिया गया। इससे पूर्व आवेदक के वकील ने कोर्ट इन्क्वायरी क्लोजिंग की प्रोसिजर पेश की थी। 8 अगस्त को सुनवाई के दौरान सीआरपीसी के नियम 202 के अनुसार इन्क्वायरी पूर्ण होने के बाद आवेदक के वकील ने तेजस्वी यादव के विरुद्ध समन्स जारी करने की मांग की थी। आवेदक के वकील प्रफुल पटेल ने बताया कि गुजरात में 364 जाति के लोग रहते हैं। किसी एक व्यक्ति को कहा गया हो तो ठीक, लेकिन यह पुरे गुजरात के लोगों का अपमान है।

# चारा घोटाला में 53 को मिली सजा, 35 हुए बरी

## 36 अन्य आरोपियों की सजा के बिंदु पर सुनवाई एक को

**डोरंडा कोषागार मामला**

**CRIME REPORTER RANCHI :** चारा घोटाले के कांड संख्या (आरसी 48ए/96) डोरंडा कोषागार मामले में सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अवैध निकासी मामले में कुल 124 आरोपियों में से 53 को तीन साल एवं तीन साल से कम की सजा हुई है, जबकि 35 आरोपियों को बरी कर दिया गया है। साथ ही 36 आरोपियों की सजा के बिंदू पर एक सितम्बर को सुनवाई होगी। कोर्ट ने जिन 35 लोगों को बरी किया है उनमें त्रिवेणी पासवान, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, चंद्र किशोर लाल, कामेश्वर प्रसाद यादव, मनोज कुमार सिन्हा, रमन कुमार सिन्हा, उमाशंकर यादव, ओम प्रकाश सिन्हा, चंद्रशेखर सिन्हा, अजय कुमार सिंह, वेंक्टेश्वर नाथ पांडेय, रामसेवक साहू, दीनानाथ सहाय, साकेत बिहारी लाल, हरीश कुमार खन्ना, कैलाश मणी कश्यप, बलदेव साहू, सिद्धार्थ कुमार, निर्मला प्रसाद, कुमार अनिता प्रसाद, मो एकराम, मो हुसैन, मो सनवाल हक,सैरु निशा, चंचेला सिन्हा, ज्योति कक्कड़, सरस्वती देवी, राम अवतार शर्मा, रिमा, अर्पोनिता कुंडू और मधु पाठक शामिल है।



सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट के बाहर सुनवाई के दौरान जुटी भीड़।

**इन 36 आरोपियों की सजा पर एक सितम्बर को सुनवाई**

नियानंद कुमार सिंह, डॉ जुनुल भेंगराज, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद, डॉ राधा रमण सहाय, डॉ गौरी शंकर प्रसाद, डॉ रविन्द्र कुमार सिंह, डॉ फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी, महेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, रामनंदन सिंह, बृजेश्वरी प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार सन्हा, राजन मेहता, रवि नंदन कुमार सिन्हा, राजेन्द्र कुमार हरित, अनिल कुमार, त्रिपाठी मोहन प्रसाद, दयानंद प्रसाद कश्यप, शरद कुमार, सुरेश दूबे, मो सईद, मो मौहिद, संजय कुमार, रामा शंकर सिंह, उमेश दूबे, अरुण कुमार वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जगमोहन लाल कक्कड़, श्याम नंदन सिन्हा, मोहिन्द्रर सिंह बेदी, प्रदीप कुमार चौधरी, सत्येन्द्र कुमार मेहता, मदन मोहन पाठक, प्रदीप कुमार।

**इन 53 आरोपियों को हुई सजा**

डॉ रामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ अनिल, डॉ कमल किशोर सिंह, डॉ हीरा लाल, डॉ विनोद कुमार, डॉ वीजेन्द्र कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ विजय शंकर सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, रविन्द्र कुमार मेहरा, अजय वर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह, नरेश प्रसाद, गणेश दूबे, अनंत मुरारी सिंह, मनीष कुमार, विनय कपूर, शोभा सिंह, दीपक कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह, समीर कुमार, सुरेन्द्र कुमार राय, जॉली श्रीवास्तव, सुधीर कुमार शरण, जगदीश प्रसाद साहू, मुन्नी राय, अनिल कुमार सिन्हा, सूरज गांधी, रविन्द्र प्रसाद, नंद्र किशोर अग्रवाल, दयाल मिधा, श्याम सुंदर शर्मा, मंजू बाला जयसवाल, रंजीत सिन्हा, सरस्वती चंद्रा, सुलेखा देवी, जीतेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार चौधरी, शुभाशीष देव, राजीव कुमार, नंद किशोर प्रसाद, सुधा सिंह, राजेश मेहरा, मनोज कुमार, दीपक कुमार महाजन, सतीश कुमार, सुजीत कुमार, सूरज मल दूबे, गुलशन लाल आजमानी।

# डुमरी में भाजपा ने झोंकी ताकत, मोर्चे पर मरांडी

## बाबूलाल ने कार्यकर्ताओं से एनडीए प्रत्याशी की जीत तय करने के लिए कमर कसने को कहा

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** डुमरी विधानसभा के निमियाघाट मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डुमरी में उपचुनाव के लिए पांच सितंबर को वोटिंग होनी है। पार्टी कार्यकर्ता हर हाल में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी की जीत तय करने को कमर कसें। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि साढ़े तीन साल से राज्य में हेमंत सोरेन सरकार ने लूट मचा रखी है। हर विभाग में करप्शन आम बात है। घोषणा पत्र में हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा इस सरकार का था। रोजगार नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात थी। आज तक एक को भी भत्ता नहीं मिला। रोजगार के नाम पर युवाओं को केवल ठगा जा रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति में उन्हें उलझा दिया गया है। ऐसे में डुमरी उप चुनाव के बहाने समूचे राज्य की नजर इधर है। पार्टी कार्यकर्ता मिलकर तय करें कि सरकार की सच्चाई लोगों के सामने आए। यशोदा देवी की जीत तय हो। बाबूलाल ने कहा कि राज्य में चारों ओर लूट मची है। कोयला, पत्थर, बालू, जमीन की लूट में सोरेन परिवार भी शामिल है। महाजनों से लड़ने की बात करने वाला शिबू सोरेन परिवार आज राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन चुका है।



पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को माला पहनाकर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

### राष्ट्रपति ने एनटी रामाराव पर स्मारक सिक्का किया जारी

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्वर्गीय एनटी रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एनटी रामाराव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने अपने अभिनय से रामायण और महाभारत के प्रमुख पात्रों को सजीव बना दिया। उनके द्वारा निभाई गई भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमिकाएं इतनी जीवंत हो गईं कि लोग एनटीआर की पूजा करने लगे।

# RANCHI & TATA रोड के अब क्या कहने

## गडकरी ने की तारीफ, साझा की तस्वीर

**PHOTON NEWS RANCHI :** केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नेशनल हाइवे-33 सड़क को लेकर सोशल मीडिया में तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि जहां पहले रांची से जमशेदपुर जाने में काफी समय लगता था, वह दूरी अब महज दो घंटे में पूरी हो रही है। ऐसा सिर्फ इस एक्सप्रेस-वे के बनने से हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क के किनारे हर ओर हरियाली, पहाड़ और नदियों की भी तस्वीर साझा की और कहा कि एक नया आनंद इस एक्सप्रेस वे से गुजरने पर लोगों को हो रहा है।

रांची से जमशेदपुर फोरलेन रोड का निर्माण एक समय में जहां मुमकिन नहीं लग रहा था, वहीं अब इसके पूरी तरह से बन जाने के बाद बिलकुल नये लुक में आ गया है। रांची से जमशेदपुर-महुलिया तक 165 किमी रोड का निर्माण कार्य लगभग दस साल से

# मोदी ने खोला रोजगार का पिटारा, बांटे नियुक्ति पत्र

## देशभर में 45 स्थानों पर लगा रोजगार मेला

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त सशस्त्र कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून और शासन का राज स्थापित होने पर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि कभी यूपी विकास के मामले में बहुत पीछे था और अपराध के मामले में बहुत आगे था। लेकिन अब कानून का राज स्थापित होने से यूपी विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। रोजगार मेला कार्यक्रम के माध्यम से, गृह मंत्रालय विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों जैसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्तियां की गई हैं।

### रोजगार के नाम पर युवाओं से छलावा कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

**NEW DELHI :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर छलावा कर रही है। इस सरकार ने दो करोड़ सालाना नौकरी देने का वादा किया और भूल गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से रोजगार मेले के दौरान सरकारी नौकरी के ज्वॉइंनिंग लेटर बांटने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज कुछ ऐसे लोगों को भी ज्वॉइंनिंग लेटर दिए गए हैं, जो पहले से ही नौकरी कर रहे हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि जिनको प्रमोशन दिया गया है, उनको भी संख्या अधिक दिखाने के लिए रोजगार मेले में नौकरी के पत्र बांटे गए।

## चंद्रयान-3 मिशन कामयाबी के साथ बढ़ रहा आगे, भेज रहा नई-नई जानकारियां

# प्रज्ञान की राह में आया गड्ढा, रास्ता बदलकर बढ़ा आगे

**AGENCY BENGALURU :** इसरो ने सोमवार (28 अगस्त) को कहा कि 27 अगस्त को चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान के सामने 4 मीटर डायमीटर (चौड़ा) का क्रेटर (गड्ढा) आ गया। ये गड्ढा रोवर की लोकेशन से 3 मीटर आगे था। ऐसे में रोवर को रास्ता बदलने का कमांड दिया गया। अब यह सुरक्षित रूप से एक नए रास्ते पर बढ़ रहा है। इस तरह प्रज्ञान ने दूसरे क्रेटर का सामना किया है। इससे पहले रोवर करीब 100 मिमी की गहराई वाले एक छोटे क्रेटर से गुजरा था। चंद्रमा पर रोवर के ऑपरेशन सेमी-ऑटोनॉमस है। इसे चलाने के लिए ग्राउंड स्टेशनों को कमांड को अपलिंक करने की जरूरत पड़ती है। रोवर की पाथ प्लानिंग के लिए, रोवर के ऑनबोर्ड नेविगेशन कैमरा डेटा को ग्राउंड पर डाउनलोड किया जाता है। फिर ग्राउंड और मैकेनिज्म टीम तय करती है कि कौन सा पाथ (रास्ता) लेना है।



चांद की सतह पर दिख रहा गड्ढा।

### सूर्य का अध्ययन करने वाला आदित्य एल-1 मिशन दो सितंबर को होगा लॉन्च : इसरो

**NEW DELHI :** चंद्र अभियान की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूरज का अध्ययन करने के लिए दो सितंबर को आदित्य-एल1 सूर्य मिशन को लॉन्च करेगा। इसरो ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि आदित्य एल-1 दो सितंबर को 11 बजकर 50 मिनट पर श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। आदित्य एल वन सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला है। आदित्य एल वन की लॉन्चिंग आम नागरिक भी देख सकेंगे। इसरो ने श्रीहरिकोटा में लॉन्च व्यू गैलरी से लॉन्चिंग देखने के लिए लोगों को आमंत्रित भी किया है। इसके लिए लोग पंजीकरण कर सकते हैं।

THE PHOTON NEWS
02 www.thephotonnews.com
Tuesday, 29 August 2023

BRIEF NEWS

## पलामू के आर्थिक विकास में बैंकों की भूमिका संतोषजनक नहीं : राधाकृष्ण किशोर

**PALAMU:** छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू के आर्थिक विकास में बैंकों की भूमिका संतोषजनक नहीं है। ऋण जमा अनुपात में निरंतर गिरावट हो रही है। वित्तीय वर्ष 18-19 में 74 प्रतिशत था, वहीं 19-20 में 56 प्रतिशत, 20-21 में 45 प्रतिशत, 22-23 में महज 44।45 प्रतिशत हो गया है। राधाकृष्ण किशोर सोमवार को नई मुहल्ला स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऋण जमा अनुपात में लगातार गिरावट आने के कारण जिले का विकास नहीं हो पा रहा है। किसी भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में बैंको की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस लिहाज से पलामू में बैंको की भूमिका संतोषजनक नहीं है। पलामू जिले के ऋण जमा अनुपात के आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि जून 2023 तक ऋण जमा अनुपात महज 44।45 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित किया गया है कि कुल जमा के विरूद्ध 60 प्रतिशत राशि आर्थिक विकास के लिए ऋण अग्रिम दिया जाना है। उल्लेखनीय है कि जून 2023 तक पलामू जिले के बैंको में कुल 6 हजार 8 सौ 53 करोड़ 24 लाख रुपये जमा थे। जमा राशि के विरूद्ध मात्र तीन हजार 46 करोड़ 11 लाख रूपए ऋण वितरण किया गया था, जो कुल जमा राशि का 44.45 प्रतिशत है। गत वर्ष की अपेक्षा 2023 में ऋण जमा अनुपात में 4.46 प्रतिशत की गिरावट हुई है। जून 2022 तक जिले का ऋण जमा अनुपात 48.91 प्रतिशत था, जो जून 2023 में घटकर 44.45 प्रतिशत हो गया।

## झामुमो नेता मिथिलेश महाराज का निधन, शोक

**BOKARO:** झामुमो किसान मोर्चा के बोकारो जिला उपाध्यक्ष और प्रखंड बीस सूत्री समिति के सदस्य कसमार निवासी मिथिलेश महाराज (48 वर्ष) का 27 अगस्त रविवार की देर रात निधन हो गया। सीएमसी वेल्लोर में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके आवास पर शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने बताया कि शव को एंबुलेंस से लाया जा रहा है। मंगलवार दोपहर तक कसमार पहुंचने की संभावना है। इसके बाद शाम में कसमार स्थित खांजो नदी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। निधन की सूचना पर सोमवार की दोपहर राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद व पूर्व विधायक बबीता देवी कसमार पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

## सड़क का शिलान्यास करने पहुंची झरिया विधायक को लोगों ने घेरा

**JHARIA :** झरिया विधानसभा अंतर्गत भालगड़ा (झखराज बाबा मंदिर के पास) ऊपरकुल्ही पुराना बालू बंकर से भालगड़ा भाया होरलाडीह कब्रिस्तान तक सड़क निर्माण कार्य का विधायक पूर्णिमा सिंह ने सोमवार 28 अगस्त को शिलान्यास किया। लगभग 1।85 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण लगभग एक करोड़ की लागत से होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए विधायक को फूल माला व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि सड़क बन जाने के बाद जामाडोबा, जीतपुर, बोर्रागढ़, पुटकी, पाथरबंगला, गाड़ीवान पट्टी, भूतगढिया के साथ-साथ होरलाडीह मजार, कब्रिस्तान व आसपास के लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने पूर्णिमा सिंह को घेरा झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के भालगड़ा आने की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शिलान्यास स्थल पहुंच गई। शिलान्यास के बाद स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें घेर लिया। महिलाओं ने एक-एक कर विधायक को पानी की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि पाइपलाइन से आपूर्ति तो दूर होने पीट वाटर भी नहीं मिलता।
भालगड़ा व उसके आसपास रहने वाले परिवार आज भीषण

# BAU में बोले GOVERNOR, झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं

## झारखंड प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध और काम करने की जरुरत : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की फाइल फोटो

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित किया। कहा कि झारखंड प्राकृतिक एवं खनिज संपदाओं से समृद्ध हैं। यहां कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, चूना पत्थर, डोलोमाइट, मैग्नेटाइट, ग्रेफाइट, तांबा, अभ्रक आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। देश के कुल खनिजों का लगभग 40% हमारे राज्य में उपलब्ध है। राज्य के 29% से अधिक भाग वनों से आच्छादित हैं, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है। राज्यपाल ने आगे कहा, यहां युवक-युवतियों में कार्य करने की अपार क्षमता है, वे अत्यंत परिश्रमी हैं। वे दूसरे राज्यों में जाकर तकनीकी ज्ञान /प्रशिक्षण प्राप्त कर औद्योगिक इकाईयों में कार्य कर रहे हैं। कोयंबटूर में हजारों की संख्या में यहां के लोग कार्य कर रहे हैं। उनमें इतनी प्रतिभा हैं कि झारखंड में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, आवश्यकता है बढ़ावा देने की। इसके लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालय एक साथ इकट्ठा होकर नए अभिनव विचार साझा कर सकते हैं, उस पर मंथन कर लागू करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में गिलोय संस्करण प्लांट की स्थापना से प्रेरणा लेनी चाहिए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए) को बढ़ावा देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में ह्वैल्यू एडेड प्रोडक्टह्व के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। ह्स्वयं सहायता समूहह्व को कृषि क्षेत्र से जोड़कर इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने झारखंड भ्रमण के दौरान कई ह्स्वयं सहायता समूहह्व को अच्छा कार्य करते हुए देखा है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, चाँद-भैरव, फूलो झानो, वीर बुधु भगत, जतरा टाना भगत, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, नीलांबर-पीतांबर जैसे कई महान स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि व स्वभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्र के लिए इन महान विभूतियों का बलिदान सदैव सभी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। राज्यपाल ने कहा कि खेलों में झारखंड के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और हमारे देश को गौरवान्वित किया है। उनका समर्पण और उपलब्धियां हम सभी को अपने सपनों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना, आईआईटी आईएसएम धनबाद के डीएसब्ल्यू डॉ एमके सिंह, रॉयल बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड के कार्यकारी निदेशक गौरव गध्यान उपस्थित थे। भारत को गौरवांवित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर पैनल चर्चा और विचार मंथन सत्र का आयोजन हुआ। पैनल चर्चा में झारखंड हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, सरला बिड़ला के कुलपति डॉ गोपाल पाठक, शिक्षाविद् एएन मिश्रा, डॉ सुशील कुमार अंक सहित अन्य शामिल हुए।

### राज्यपाल ने खिलाड़ियों से किया संवाद



**RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राज भवन में टाना भगत स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स, रांची में आयोजित **"राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप"** में भाग लेने वाले तमिलनाडु के प्रतिभागियों से मिले और उनसे संवाद किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### मुख्यमंत्री से मिले कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) रांची के कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है। • फोटोन न्यूज

## मुख्यमंत्री को कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित



मुख्यमंत्री को कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में आमंत्रित करते लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने छह सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

## झारखंड जदयू को लेकर 10 नवंबर को अहम बैठक

### संगठन को मजबूत करने के लिए किये जा रहे विभिन्न स्तर पर कार्य : हसीब खान



प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हसीब खान व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DHANBAD :** वर्तमान समय में पूरे झारखंड में जदयू की जिला कमिटी को भंग कर दिया गया है। प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसमे सदस्यता अभियान भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। उक्त बातें सोमवार 28 अगस्त को धनबाद के गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मो।हसीब खाँ ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी की मजबूती के लिए 23 अगस्त को पटना में झारखंड जदयू का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से मिला था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड में सदस्यता अभियान को लेकर गंभीर चिंता प्रकट की थी। जिसे लेकर 10 नवम्बर को एक बैठक रखी गई है। बैठक में धनबाद जिला के सभी क्रियाशील सदस्यों व सभी पुराने व नये साथियों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें संगठन सशक्तीकरण पर विचार होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल बैठक का स्थान तय नही किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व महासचिव सुशील कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष अनिता देवी, पूर्व राज्य कार्यकारिणी सदस्य बिनोद कुमार साहू और जितेन्द्र राय शामिल थे। प्रेस वार्ता में जदयू के पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्मृति कांत सिंह, पूर्व धनबाद नगर अध्यक्ष अनोज कुमार, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष अनिता देवी, सकल देव राय, अशोक कुमार सिंह सहित पार्टी के अन्य लोग मौजूद थे।

### बूथ स्तर पर मेहनत करें युवा कांग्रेस कार्यकर्ता: अभिजीत राज

**KHUNTI:** युवा कांग्रेस की खूंटी जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष कुणाल कमल कश्यप ने की। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, झारखंड प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा , प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी कुलदीप कुमार रवि, प्रदेश महासचिव शादाब खान, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा और प्रदेश सचिव सह बीस सूत्री सदस्य वेद प्रकाश मिश्र उपस्थित थे। युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि हम युवाओं को कांग्रेसे के साथ मजबूती से खड़ा होना होगा।

## हेठ पोचरा हाई स्कूल के अर्धनिर्मित भवन को जल्द बनवाये सरकार : प्रतुल शाहदेव



प्रतुल शाहदेव की फाइल फोटो

**PHOTON NEWS LATEHAR :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सोमवार को लातेहार जिले के सुदूर हेठ पोचरा गांव में पहुंचे और वहां पर अर्धनिर्मित हाई स्कूल के भवन का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यह हाई स्कूल भवन बनने का कार्य लगभग 15 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। लेकिन कतिपय कारणों से यह अर्धनिर्मित होकर रह गया। भवन का ढांचा खड़ा है और सिर्फ फिनिशिंग की आवश्यकता है। प्रतुल ने शिक्षा मंत्री से मांग की है कि वे अविलंब इस अर्धनिर्मित हाई स्कूल भवन को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। प्रतुल ने कहा कि इस स्कूल को बनाने में अब तक लगभग 40 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। मात्र 15-20 लाख रुपए और खर्च करके इस स्कूल भवन के निर्माण को पूरा किया जा सकता है। प्रतुल ने कहा पूरे क्षेत्र में कोई हाई स्कूल नहीं है। वर्तमान में सिर्फ दो कमरों में एक हाई स्कूल चल रहा है। इस स्कूल के बन जाने से पूरे क्षेत्र के हजारों बच्चों को शिक्षित होने का बेहतर अवसर मिलेगा।

### झामुमो के आरोप पर बाबूलाल के भाई रामिया मरांडी ने रखा अपना पक्ष

## 13 साल पहले ही संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी छोड़ दी थी : रामिया

- कहा- योगेंद्र तिवारी जब शराब और जमीन का कारोबार करने लगा, तो मैं निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया
- अगर कंपनी ने कोई गलत धंधा किया है, तो सरकार केस कर संपत्ति जब्त करे



**PHOTON NEWS RANCHI:** झामुमो द्वारा संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी को लेकर बाबूलाल मरांडी के खिलाफ उठाए जा रहे सवाल पर उनके भाई रामिया मरांडी ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने पत्र जारी कर कहा कि यह कंपनी 2005 में बनी, तब मैं इसका डायरेक्टर था। मगर जब शिकायतें आने लगी कि योगेंद्र तिवारी जमीन और शराब का कारोबार भी करने लगा है। उसका मुख्य धंधा राजनीति, प्रशासन में प्रभावी लोगों के करीबियों को पटाना, उनका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना, मुसीबत से बचने के लिए प्रभावशाली लोगों का इस्तेमाल करना बन गया है। तब लगने लगा कि भविष्य हमारी बदनामी हो सकती है। भविष्य में इसका असर मेरे बड़े भाई बाबूलाल मरांडी पर भी पड़ सकता है, तो वर्ष 2011 में मैं उस कंपनी से अलग हो गया।

**गलत होंगे तो हमें भी जेल में डाल दें**

रामिया मरांडी ने कहा कि आज 13 साल बाद उस कंपनी से मेरा नाम जोड़ना समझ से परे है। अगर कंपनी ने गलत धंधा किया है या कर रही है, तो सरकार तुरंत उस कंपनी पर केस करे और सारी संपत्ति जब्त करे। हम भी गलत होंगे तो हमें भी जेल में डाल दे। सबको सबकुछ पता चल जाएगा। सरकार को पुण्य और कल्याणकारी काम करने से किसने रोका है।

**झामुमो की मंशा भ्रम फैलाना है**

रामिया मरांडी ने कहा कि लगता है कि इस सरकार में कार्रवाई करने का साहस नहीं है।

## भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की

**AGENCY JAMMU:** वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया कहानियों को आकार देने और जनता की राय को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भाजपा मुख्यालय, जम्मू में आयोजित सोशल मीडिया और आईटी विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान रविंद्र रैना ने कहा, यह एक शक्तिशाली ट्रेंडसेटर के रूप में उभरा है, जो जनता की राय को संचालित करने और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा तैयार करने में सक्षम है। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष, अशोक कौल, जम्मू-कश्मीर भाजपा महासचिव (संगठन), भाजपा एनईएम और सोशल मीडिया प्रभारी प्रिया सेठी, संगठनात्मक प्रभारी अनूप कपाली, संयोजक भाजपा सोशल मीडिया अंकित गुप्ता, संयोजक भाजपा आईटी इशांत गुप्ता, मंजीत सिंह जसरोटिया, नितीश महाजन, सतीश जंडियाल, गौरव बलगोत्रा और सह प्रभारी अजय आनंद भी मौजूद रहे। रैना ने इस बात पर जोर दिया कि सोशल मीडिया एक प्रभावी संचार उपकरण है, जो एक ट्रेंडसेटर के रूप में विकसित हुआ है जो सूचना प्रसार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। उन्होंने राजनीतिक दलों और नेताओं को जनता से प्रभावी ढंग से जुड़ने और उनकी आवाज को सुनने को सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया की क्षमता का उपयोग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में, सोशल मीडिया एक शक्तिशाली शक्ति के रूप में खड़ा है, जो जनता की राय बनाने के तरीके को नया आकार दे रहा है। वहीं अशोक कौल ने सोशल मीडिया कार्यकताओं से मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करने को भी कहा। इसी बीच अनूप कपाली ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य उपस्थित लोगों को सूचना प्रसारित करने, घटकों के साथ जुड़ने और विरोधी एजेंडे का मुकाबला करने में डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाने के लिए आवश्यक कौशल और रणनीतियों से लैस करना है। प्रिया सेठी ने सोशल मीडिया की गतिशील प्रकृति और आधुनिक राजनीतिक संचार में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

## झामुमो की आक्रोश रैली में मासस के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, ईंट का जवाब पत्थर से देंगे : अशोक मंडल



आक्रोश रैली में कार्यकताओं के साथ अशोक मंडल • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS NIRSA :** झामुमो के केंद्रीय सदस्य अशोक मंडल के नेतृत्व में सोमवार 28 अगस्त को आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में झामुमो कार्यकताओं ने मासस विरोधी नारे लगाए। रैली यज्ञ मैदान से हटिया मोड़ होती हुई निरसा थाना पहुंची, जहां जमकर नारेबाजी हुई। झामुमो नेता अशोक मंडल ने कहा कि पिछले दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यक्रम में मासस के कार्यकताओं की गुंडागर्दी व हमारे नेताओं पर रंगदारी का झूठा मुकदमा किया गया। यह सब मासस नेता अरूप चटर्जी के इशारे पर किया गया। मासस गुंडागर्दी की राजनीति करती है। चाहे चापापुर ओसीपी हो या ईसीएल, हर क्षेत्र में ये लोग अपनी गुंडागर्दी दिखाते हैं। मासस अगर झूठा मुकदमा वापस नही लेती है तो झामुमो जानता है कि आगे क्या करना है। मासस की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। रैली में नईम शेख, ठाकुर मांझी, राजू खान, अमर लोहार, सुजाता सिन्हा व कई महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Tuesday, 29 August 2023

# लूटपाट, छिनतई और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा, सरगना समेत 14 धराए, नशे की लत में बन गए थे अपराधी

## दो पिस्टल, देशी कट्टा और तीन गोलियां भी बरामद, अन्य की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी

- घटना को अंजाम देने के लिए एक जगह जुट कर करते थे नशापान
- सदर इलाके में लूट की घटना को इसी गिरोह के छह लोगों ने मिलकर दिया अंजाम


प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते रांची एसएसपी।

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी के अलग अलग इलाकों से नशे की लत में अपराधी बनने वाले 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें अंबर कुमार, नीरज कुमार, सन्नी पासवान, शंकर राम, साहिल सिंह, सौरभ कुमार, सब्बीर, सदब कुरैशी, रोहित कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, राज वर्मा, सन्नी कुमार और सूरज गुप्ता को शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन गोली, छिनतई किया हुआ आठ मोबाइल, एक टैब, तीन हजार रुपये, सात बाइक बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों को नशे की लत है। हथियार के बल पर नशा करने के लिए इनके द्वारा शहर के अलग अलग इलाकों में लूटपाट, छिनतई और चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। घटन को अंजाम देने के बाद आरोपी एक जगह पर पहुंचते थे और नशा करने के बाद फिर से घटना को अंजाम देने की योजना बनाते थे। आरोपी सन्नी, अम्बर, सौरभ, शाहिल, सब्बीर, सूरज, राज वर्मा और नीरज कुमार के खिलाफ पहले से कई केस है। कई आरोपी पहले भी जेल जा चुके हैं।

### गिरोह का सरगना है अंबर कुमार, सदस्यों के बीच बांट दिया था इलाका

पुलिस का कहना है कि इस गिरोह का सरगना अंबर कुमार है। उसी के इशारे पर लूट, छिनतई और चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। एसएसपी किशोर कौशल का कहना है कि सदर थाना क्षेत्र स्थित भाभा नगर में नवादा में रहने वाले प्रवीण प्रसाद के साथ इसी गिरोह के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। प्रवीण प्रकाश से पांच हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया गया था। इसमें घटना में सरगना अंबर कुमार शामिल था। पुलिस को शहर के अलग अलग इलाकों से लगातार चोरी और छिनतई की घटना होने की शिकायत मिल रहा था। इस गिरोह को पकड़ने की जिम्मेदारी सिटी एसपी को दी गई। सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस ने भाभा नगर और बरियातू इलाके में छापेमारी कर गिरोह के सदस्यों को पकड़ा। पुलिस का कहना है कि गिरोह के सरगना अम्बर कुमार ने सदस्यों के बीच शहर का इलाका बांट दिया था। किस सदस्यों को किस इलाके में घटना को अंजाम देना है उन्हें पहले से जानकारी होती थी। इस गिरोह के द्वारा लालपुर, बरियातू, सदर, चुटिया और खेलगांव इलाके में घटना को अंजाम दिया जाता था। इन इलाकों को छोड़कर गिरोह के सदस्य दूसरी जगह पर नहीं जाते थे। इस गिरोह के कुछ अन्य सदस्य और हैं जो फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नीरज को पहले भी पकड़कर रिमांड होम भेजा जा चुका है। पुलिस ने उसे तीन बार रिमांड होम भेजा था। नीरज रिमांड होम में कई बार मारपीट और दूसरी घटना को अंजाम दे चुका है। नीरज रिमांड होम पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। रिमांड होम में उसे कई बार गांजा और नशीली दवा के साथ पकड़ा जा चुका था। रिमांड होम से निकलने के बाद नीरज फिर से अपराध करने लगा। इस बार पुलिस ने उसे पकड़कर जेल भेज दिया।

## BRIEF NEWS

### पथ निर्माण विभाग के नौ इंजीनियरों का जल्द होगा प्रमोशन

**RANCHI :** पथ निर्माण विभाग अंतर्गत कार्य करने वाले नौ इंजीनियरों को चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन मिलेगा। पथ निर्माण विभाग ने वरीय इंजीनियरों की सूची तैयार करके प्रोन्नति देने का निर्णय लिया है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इस संबंध में अधिसूचना भी जारी किया जायेगा। बता दें कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नियमित रूप से मुख्य अभियंता झारखंड को मिल रहे हैं। चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन होने से पथ कैडर से जुड़े इंजीनियरों को इस महत्वपूर्ण पद पर अतिरिक्त प्रभार नहीं देना पड़ेगा। पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य सहित अन्य विभागों में भी नियमित चीफ इंजीनियर की पोस्टिंग हो पायेगी।

### विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितंबर को होगी सुनवाई

**RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर आज सोमवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अब कोर्ट विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितंबर को सुनवाई करेगा। विष्णु अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कोर्ट से जमानत याचिका मंजूर करने की गुहार लगायी है।

### जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू

**RANCHI :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी छह और सात सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। कहीं पर शिशु कृष्ण, लड्डू गोपाल की मूर्ति को छोटी-सी चारपाई पर रख कर कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, तो कही पर मूर्ति को बड़े से खाट पर लिटाया जाएगा और खीरे में चीरा लगा कर ठाकुर जी का जन्म कराया जाएगा। उस दिन भक्त दिन भर उपवास कर रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव मनाएंगे। इसे लेकर कई मंदिरों में दही-हांडी और मटकी फोड़ने का भी आयोजन किया जाएगा। छोटे बच्चे भगवान कृष्ण और राधा की भूमिका में भी नजर आएंगे। कृष्ण जन्माष्टमी से चार दिन पहले आयोजन की जानकारी के लिए मटकी टांगी जाएगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# माहेश्वरी परिवार के 6 लोगों की मौत की जांच अब सीबीआई करेगी

## हाईकोर्ट ने कहा- एजेंसी के सीनियर अधिकारी 4 माह में अनुसंधान पूरा करें




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** हजारीबाग में माहेश्वरी परिवार के 6 लोगों की मौत मामले की सीबीआई जांच करने का आग्रह करने वाली राजेश महेश्वरी की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी के क्रिमिनल रिट याचिका को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि स्टेट एजेंसी के सक्षम अधिकारी मामले के अनुसंधान करें और पुराने जांच में शामिल अधिकारियों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने चार माह में अनुसंधान पूरी कर फाइनल रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि स्टेट एजेंसी के अधिकारी मामले की जांच सक्षम अधिकारियों से कराए। दरअसल, पूर्व में इस मामले की जांच सीआईडी कर रही थी। सीआईडी ने फाइनल रिपोर्ट जमाकर कहा था कि यह सुसाइड का मामला है और मामले में सीआईडी ने फाइनल फॉर्म अदालत में जमा कर दिया था। जिसे प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती देकर कहा था कि यह माहेश्वरी परिवार के 6 लोग का सुसाइड का मामला नहीं है, यह मर्डर का मामला है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने कोर्ट को बताया की 70 वर्षीय महावीर महेश्वरी एवं उनकी 65 वर्षीय पत्नी दोनों की मौत पंख से लटक कर बताई जा रही है। जबकि मौत के बाद उनका पैर थोड़ा मुड़ा हुआ हुआ था, जो बेड से सटा हुआ था। बेड पर चादर भी सही तरीके से थे, जबकि सुसाइड के दौरान छटपटाहट में बेड खराब स्थिति में दिखना चाहिए था।

# वन मैन कमीशन बनाकर निवेशकों को पैसा लौटाने पर निर्णय ले सरकार : HC

## चिटफंड घोटाला मामले में हुई सुनवाई, राज्य सरकार को तीन सप्ताह का मिला समय

**RANCHI :** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसा की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने निवेशकों के डूबे पैसे उन्हें वापस दिलाने के लिए राज्य सरकार को वन मैन कमीशन बनाने पर निर्णय लेने के लिए अंतिम मौका देते हुए 3 सप्ताह का समय प्रदान किया। कहा कि अगर सरकार इस पर निर्णय नहीं लेती है तो कोर्ट अगली सुनवाई में खुद आदेश देगा। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से मौखिक कहा कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस आर भानुमति की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन बनाने के संबंध में राज्य सरकार से दिशा- निर्देश प्राप्त करें, अगर सरकार निर्णय नहीं लेती है तो कोर्ट खुद निर्णय लेगा। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार यादव ने पैरवी की। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के पैसा वापसी को लेकर आईजी, सीआईडी की अध्यक्षता में गठित 6 सदस्य वाली कमेटी के निर्णय को नहीं माना था। कोर्ट ने निवेशकों के पैसा वापस दिलाने को लेकर वन मैन कमीशन का सुझाव दिया था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपए की संपत्ति एवं पैसे सीज किए हैं। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे गए हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाया जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया गया है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाए।

# वाहन की चपेट में आने से महिला मजदूर की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को किया जाम


सड़क जाम करने से वाहनों की लगी लंबी कतार।

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची-टाटा राष्ट्रीय मार्ग-33 पर बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसांईडीह गांव के निकट सुबह लगभग 6 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला विमला देवी (32 वर्ष) की मौत हो गयी। सड़क हादसे से महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग एक घंटे तक शव के साथ रांची-टाटा राष्ट्रीय मार्ग-33 को जाम रखा। क्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर पांच लाख रुपये मुआवजा की मांग की। आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया। बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना में घायल विमला को समय पर एंबुलेंस मिल जाती, तो उसकी जान बच सकती थी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गोसांईडीह ग्राम निवासी विमला देवी मजदूरी का काम कर अपने बीमार पति एवं दो बच्चों का पालन पोषण करती थी। सोमवार सुबह लगभग छह बजे वह किसी काम से रोड किनारे गयी थी कि अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद वाहन फरार हो गया, लेकिन विमाला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि 108 एंबुलेंस को तुरंत सूचना दी गयी, लेकिन देर तक एंबुलेंस के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने चंदा कर प्राइवेट कार से घायल विमला देवी को रिम्स (रांची) भेजा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस सेवा की लापरवाही से विमला देवी की मौत हो गयी। समय पर एंबुलेंस पहुंच जाती तो उसे बचाया जा सकता था। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ सुबह लगभग 8:30 बजे से रांची-टाटा रोड को जाम कर दिया।

# रजनीगंधा कंपनी को राहत

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने रजनीगंधा कंपनी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। झारखंड सरकार ने राज्य में रजनीगंधा समेत अन्य 10 पान मसालों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ कंपनी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

इस मामले की सोमवार को सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई। कंपनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विवेक कोहली और अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### जंगल की जमीन की खरीद-बिक्री का मामला

# HC ने दो को बनाया प्रतिवादी, राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**RANCHI :** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव कि जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हाईकोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने इन दोनों के अलावे राज्य सरकार को भी मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। प्रार्थी की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर आदि) और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है,जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। जिसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियो को नोटिस जारी किया था।

# शिहान सुनील किस्पोट्टा बनाए गये भारतीय कराटे टीम के कोच



**PHOTON NEWS RANCHI :** थाईलैंड के बैंकॉक में छह से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक एवं शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये हैं। टीम कोच बनाए जाने पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हांशी भारत शर्मा, कराटे इंडिया आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा को धन्यवाद दिया है।

### सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने लेह-लद्दाख का किया दौरा

# झारखंड के प्रवासी श्रमिकों का जाना हाल


लेह-लद्दाख के दौरे के दौरान श्रम विभाग की टीम।

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह-लद्दाख में कार्यरत झारखंड खासकर संताल परगना के संताली आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेह-लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है। मालूम हो कि सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में झारखंड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। सभी कार्य में संताल के श्रमिकों की सानी नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह-लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर काम पूरा करने में झारखंड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखंड के नेतृत्व में 21अगस्त, 2023 को लेह-लद्दाख गया था। लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है, ताकि श्रमिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखंड सरकार ने पहुंचाया। बताया गया कि कोरोना संक्रमण काल में भी राज्य के श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखंड लेकर आई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा खासकर संताली आदिवासियों को गैर कानूनी रूप से नियोजित करने के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी श्रमिक से मुलाकात की तथा कार्यस्थलों का भी दौरा किया। जहां से राज्य के श्रम विभाग को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कार्यरत श्रमिकों से कही गई है।

# एक करोड़ की ठगी करने वाले दो CYBER CRIMINAL ARREST

**CRIME REPORTER RANCHI :** अपराध अनुसंधान विभाग( सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जितेंद्र कुमार और हर्षवर्धन चौबे शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी बिहार पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बिहार से की गई है। जितेंद्र बिहार के अररिया और हर्षवर्धन भागलपुर का रहने वाला है। इनके पास से दो मोबाइल, तीन सिम,चार आधार कार्ड,दो पेन कार्ड,11 एटीएम और वोटर आईडी बरामद किया है। डीएसपी नेहा बाला ने सोमवार को बताया कि दो अलग-अलग मामले में दोनों की गिरफ्तारी की गई है। सीआईडी की साईबर क्राईम थाना कांड संख्या 47/ 2023 में शिल्पी सिंह से इंटरनेशनल वर्चुअल नंबर के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें उन्हें यूट्यूब पर विडियो लाईक करके पार्ट टाईम जॉब करने का काम दिया गया। इसके बाद उन्हें एक अन्य टेलीग्राम प्रोफाईल से संपर्क कर यूआरएल पर रजिस्टर कर विडियो लाईक करने का काम दिया गया। इस यूआरएल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया। शुरू में झांसा में लेने के लिए इनके अकाउंट में कुछ पैसे डाले गये। लेकिन बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया और इस तरह से इनके साथ कुल 84 लाख 32 हजार 100 रुपये ठगी कर ली गई। जबकि डॉ. विनय मिश्रा की ओर कराए गए कांड संख्या 52 / 2023 में अज्ञात साइबर अपराधियों ने एसबीआई का कस्टमर केयर बनकर केवाईसी अपडेट करवाने के नाम पर 20 लाख 40 हजार 368 रुपये विभिन्न खाताओं में अवैध हस्तांतरण कराते हुए साइबर ठगी कर ली गई। उन्होंने बताया कि इस दोनों मामलों में अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए 14 सी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा इकोनामिक ऑफिंस यूनिट, बिहार पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मामले में संलिप्त दो साईबर अपराधकर्मियों का गिरफ्तार किया है।

# गिरिडीह में दो सड़क हादसों में दो की मौत, छह छात्र घायल

## ट्रक ने स्कूली वैन को पीछे से मारी टक्कर, छात्रों से भरा स्कूल वाहन सड़क किनारे पलटा

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** बगोदर थाना क्षेत्र में सोमवार को हुई अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि छह स्कूली बच्चे घायल हो गए। बताया गया कि बगोदर थाना क्षेत्र के माहुरी गांव से करीब 10 स्कूली छात्रों को लेकर स्कूल का पिकवेन हजारीबाग के विष्णुगढ़ के गेदा स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल जा रहा था, इसी क्रम में जब स्कूली



वेन बगोदर के संतरूपी पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, तो तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने स्कूली वेन को पीछे से टक्कर मार दिया। इससे छात्रों से भरा स्कूल वैन सड़क किनारे पलट गया। घटना में छह स्कूली छात्र घायल हो गए। थाना प्रभारी नीतीश कुमार भी आनन फनन में घटनास्थल पहुंचे और ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। दूसरी घटना बगोदर थाना के नेशनल हाईवे के हेसला के समीप हुई। इसमें दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतकों की पहचान कोलकाता निवासी मो इरफान और मोङ खुर्सिद के रूप में की गई है। दोनों एक ट्रक के चालक और खलासी बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बगोदर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार हेसला के समीप जीटी रोड में एक कंटेनर ब्रेकडाउन होने के कारण पहले से खड़ा था। इसी दौरान बगोदर से धनबाद जा रहे एक ट्रक ने कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दिया। इसमें ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।

# एनएच किनारे मिला गढ़वा के युवक का शव, हत्या की आशंका

**PHOTON NEWS PALAMU:** सतबरवा थाना पुलिस ने सोमवार को रांची-डालटनगंज मुख्यमार्ग एनएच-75 पर पिपराकला मरघटिया के पास से एक युवक का शव बरामद किया है। युवक का शव जिस जगह से मिला, उससे सटे एक बाइक भी खड़ी हालत में जब्त की गई। युवक की पहचान गढ़वा जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र के गढ़िया गांव के टूनेश लकड़ा के पुत्र सोनम लकड़ा (20) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक की मां कुंती मिंज, चाचा पूरनचंद



टोप्पो समेत कई लोग सतबरवा थाना पहुंचे और युवक के शव की पहचान की। इधर, पुलिस ने डालटनगंज के राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक युवक के पास से एक पिट्ठू बैग, रेनकोट तथा यामाहा कंपनी का बाइक बरामद किया है। परिजनों ने बताया कि युवक पहले डालटनगंज में रहकर पढ़ाई करता था। बाद में उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। बाइक युवक के चाचा पूरनचंद की है। युवक के गले पर दबाने का निशान लगता है और सिर में हल्की खरोच भी है। अंदेशा जताया गया कि कहीं कोई बुलाकर उसकी हत्या तो नहीं की है? यह घटना शहर से 35 किलोमीटर दूर रात्रि में घटी। युवक उस जगह पर बाइक लेकर क्यों पहुंचा?, इसकी जांच में पुलिस जुटी है।

## BRIEF NEWS

### खेमका करियर्स आउटसोर्सिंग कंपनी की वादाखिलाफी का विरोध



**KATRAS/BAGHMARA :** ग्रामीण एकता मंच बाघमारा द्वारा ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत 14 नंबर हाजिरी घर के समीप खेमका करियर्स आउटसोर्सिंग कंपनी से सोमवार 28 अगस्त को स्थानीय बेरोजगारों ने नियोजन की मांग की व अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया। कंपनी की तमाम गाड़ियां उसी स्थल पर खड़ी रही। इस मौके पर मंच के संरक्षक कन्हाई चौहान ने कहा कि विगत 31 मई को बाघमारा सीओ के के सिंह व कंपनी प्रबंधक अजय दुबे की उपस्थिति में वार्ता हुई थी। वार्ता में 60 लोगों को नियोजन देने की सहमति हुई थी। परन्तु तीन माह बाद भी कंपनी ने नियोजन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी की इस वादाखिलाफी के विरुद्ध आज कंपनी का कार्य ठप किया गया है। इस मौके पर हरेंद्र चौहान महादलित संघ प्रदेश अध्यक्ष, मनोज भुईंया, मंदरा मुखिया प्रतिनिधि शंकर बेलदार, शम्भू महतो, लीलू गोप, सुबोध गोप, दिपक चौहान, बंटी अंसारी, लखीत यादव, छोटु अंसारी, सोनु चौहान, सुभाष कुम्हार, बिरजु कुम्हार प्रकाश यादव, गंगा चौहान समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### निरसा गुरुद्वारा परिसर में जमीन विवाद का मामला सलटा

**NIRSA :** निरसा गुरुद्वारा परिसर में वर्षों से चल रहे जमीन विवाद का निपटारा सोमवार 28 अगस्त को हो गया। इसकी जानकारी देते हुए भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक सह समाजसेवी मनजीत सिंह ने बताया कि ब्रह्मदेव यादव, उनके भाई बनारसी यादव व राजो यादव ने गोविंदपुर में गुरुद्वारा के नाम जमीन की रजिस्ट्री कर दी। इसके पहले समाजसेवी गुरमीत सिंह डांग, विश्वनाथ साहू, मल्लेश्वरी यादव, अर्जुन यादव, हृदयानंद गुप्ता ने पहले ही गुरुद्वारा परिसर की जमीन गुरुद्वारा के नाम से रजिस्ट्री कर दी है। मौके पर सिख समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

### गोमो की तीन बेटियों ने पेनकैक सिलाट मार्शल आर्ट स्टेट लीग में जीता गोल्ड

**GOMOH :** रांची के विश्वकर्मा पब्लिक हाई स्कूल में रविवार 27 अगस्त को आयोजित खेलो इंडिया विमेंस पेनकैक सिलाट मार्शल आर्ट (कराटे) स्टेट लीग 2023 लीग टूनामेंट में गोमो की तीन बेटियों ने गोल्ड मेडल जीतकर गोमो सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। धनबाद जिला मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव नागेश्वर नायक ने बताया कि टूनामेंट में विभिन्न जिलों से 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अंडर 10 वर्ग में गोमो की देबू श्री सरकार और आध्या दत्ता ने अपने राउंड के सभी खिलाड़ियों को पटखनी देकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। अंडर 18 वर्ग में गोमो की ही नेहा कुमारी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग के सभी राउंड में खिलाड़ियों को धूल चटाकर नंबर वन स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं और गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं अंडर 14 वर्ग में गोमो मार्शल आर्ट टीम की खिलाड़ी साक्षी कुमारी ने सिल्वर मेडल जीतने में कामयब हुई। नागेश्वर नायक ने बताया कि इस टूनामेंट की सभी सफल खिलाडी का आगामी नेशनल टीम की हिस्सा बनेंगी। खिलाड़ियों की सफलता पर झारखंड पेनकैक सिलाट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डोली सिंह, सदस्य देवदत्त सरकार, संजीव कुमार, तन्मय दत्ता, सपन सरकार सहित गोमो के खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

### भवानी सेना ने 201 लीटर दूध का किया वितरण




**RANCHI:** सावन सावन के आठवें सोमवार पर भवानी सेना पिस्का मूड मंडल के द्वारा 201 लीटर दूध का वितरण पहाड़ी मंदिर पर किया गया। इस अवसर पर उद्देश्य चौधरी मोहित सिंह सजल तिवारी राजवीर चौधरी विकास पाठक विशाल कुमार अंकित सिंह साहिल सिंह आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे ।

# वासेपुर में जमीन विवाद में युवक के सिर पर किया रॉड से हमला, चल रहा इलाज



एसएनएमएमसीएच में इलाजरत घायल फिरोज खान • फोटोन न्यूज

**PHOTON NESWS DHANBAD:** जमीन विवाद को लेकर सोमवार 28 अगस्त को वासेपुर में एक युवक के साथ मारपीट की गई। घायल युवक की पहचान आजादनगर निवासी रशीद खान के पुत्र फिरोज खान के रूप में हुई है। पीड़ित फिरोज खान ने वासेपुर बाईपास मार्ग के रहने वाले राजू कलाल पर मारपीट का आरोप लगाया है। फिरोज खान ने बताया कि वो अपने दोस्त को शर्ट पहुंचाने के लिए सिक्का गार्डेन मैरेज हॉल के समीप गया था। इस दौरान राजू कलाल ने उसे रुकने को कहा। इतने में राजू कलाल ने रॉड से सिर पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं उसने गोली मार देने की धमकी देने लगा। किसी तरह घायल फिरोज लड़खड़ाता हुआ वहां से भागा। जिसके बाद उसे एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की लिखित शिकायत थाना में की गई है।

### रामगढ़ में चार थाना प्रभारी बदले, अमित कुमार बने पतरातू थाना प्रभारी



**RAMGARH:** रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने जिले के चार थाना प्रभारी का तबादला कर दिया है। सोमवार को उन्होंने सूची जारी करते हुए बताया कि भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार को पतरातू थाना प्रभारी बनाया गया है। बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला को बरकाकाना ओपी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा रामगढ़ थाने में पदस्थापित विकास आर्यन को बासल थाना प्रभारी बनाया गया है। भुरकुंडा ओपी में पदस्थापित मयंक कुमार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी बनाया गया है। रामगढ़ एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह और बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश को लाइन क्लोज किया है।

# दो करोड़ की अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार



जब्त शराब के साथ उत्पाद विभाग की टीम • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU:** उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने छत्तरपुर थाना क्षेत्र के एनएच-98 कउवल गांव में छापेमारी कर लगभग 2.20 करोड़ रुपये की अवैध शराब जब्त की। इस दौरान कुल 14 हजार लीटर अवैध स्प्रिट भी जब्त की गई। इस छापेमारी के दौरान मदन विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने सोमवार को बताया कि छत्तरपुर के कउवल गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस दौरान जानकारी हुई कि भारी मात्रा में स्प्रिट से अवैध रूप से शराब बनायी जाता है। राजू विश्वकर्मा के मनरेगा से बने पशु शेड में यह धंधा चल रहा था। उसी में मदन इंजीनियरिंग वर्क्स नामक वेल्डिंग दुकान भी चलती है। उसी के आड़ में अवैध शराब बनायी जा रही थी। छापेमारी कर जब्ती एवं गिरफ्तारी की कार्रवाई की गयी। कार्यवाही लगभग तीन घंटे तक चली, जिसमें लगभग स्प्रिट से भरा हुआ 350 गैलेन व खाली गैलेन भी 20 पीस मिला और 5 प्लास्टिक का ड्राम भी मौके से जप्त किया गया।

# युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 15 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

## बिहार के अरवल निवासी शशि रंजन ने पीड़िता को होटल में बुलाकर किया था दुष्कर्म

**PHOTON NEWS BOKARO:** बोकारो के जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ योगेश कुमार सिंह की अदालत ने युवती के साथ दुष्कर्म के मामले की सुनवाई के बाद 28 अगस्त को आरोपी युवक शशि रंजन को 15 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। 25 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार राय ने बताया कि घटना वर्ष 2021 में हुई थी। बिहार के अरवल निवासी शशिरंजन की पीड़िता के साथ फोन पर बातचीत के क्रम में दोस्ती




हुई थी। इसके बाद शशिरंजन बोकारो आया और पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर झांसे में होटल के कमरे में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब उससे शादी की बात कही, तो वह मुकर गया। इसके बाद परिजनों ने चास महिला थाना में मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। न्यायालय ने 21 अगस्त को उसे दोषी करार दिया था।

# एमडीएम का आलू लेने जा रहे दो छात्रों को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

**PHOTON NEWS PALAMU:** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर प्रखंड के महुगांवा हाइस्कूल के दो छात्र सोमवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों छात्र मध्यान भोजन योजना (एमडीएम) का आलू लेने के लिए पास की दुकान पर जा रहे थे। इसी क्रम में डालटनगंज-गढ़वा मुख्य पथ पर एक बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर लगी। दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। खासकर महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। अभिभावकों ने शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस हादसे में बाइक पर सवार



दो युवक भी जख्मी हुए हैं। उनका भी इलाज एमआरएमसीएच में चल रहा है। जानकारी के अनुसार महुगांवा हाईस्कूल के दो छात्र कक्षा सात के अनु कुमार एवं इसी कक्षा का दीपक कुमार आलू लेने के लिए स्कूल से निकलकर मुख्य सड़क पार कर दुकान में जा रहे थे। सड़क पार करने के दौरान गढ़वा की ओर से आ रही एक बाइक से दोनों छात्रों को टक्कर लगी। इस हादसे में दो बाइक सवार भी सड़क पर गिर गए। सूचना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुटे और घायल छात्रों एवं बाइक सवार को इलाज के लिए एमआरएमसीएच भेजा। छात्रों में अनु कुमार का सिर फट गया है और कान में गंभीर चोट लगी है। दीपक कुमार बेहोशी की हालत में भर्ती है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि सिटी स्कैन के बाद जो रिपोर्ट आएगी, उसके बाद आगे कुछ किया जायेगा। मोटरसाइकिल सवार पप्पू चौधरी और चंदन चौधरी को शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई है। यह दोनों गढ़वा से डालटनगंज मेला देखने के लिए आ रहे थे और हेलमेट नहीं पहने थे। दोनों की उम्र 18 से कम है। दोनों गढ़वा के डंडा मोतिहारा का रहने वाले हैं। पप्पू बेहोश बताया जाता है। महुगांवा हाइस्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उन्होंने स्कूल की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को कहा था कि आप जाकर आलू किसी से मंगवा लें, लेकिन अध्यक्ष ने बच्चे को लेने भेज दिया, जिससे इस तरह की घटना घट गई। उन्होंने बताया कि इस घटना के बारे में हमलोगों को ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली है। स्कूल के छात्र को किसी मोटरसाइकिल के धक्के से घायल हो गए। उसके बाद हमलोगों ने तुरंत वहां पहुंचकर छात्रों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच लाकर भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि परिजनों को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

## धूमधाम से निकली सावन यात्रा, 777 सीढ़ियां चढ़कर किया जलाभिषेक

# कोडरमा में झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**PHOTON NEWS KODARMA:** सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर कोडरमा जिला शिव भक्ति में रमा रहा। इस अवसर पर झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक कांवड़ पदयात्रा निकाली गई। अहले सुबह से ही शिवभक्त झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से पवित्र जल का उठाव कर करीब 15 किलोमीटर की पदयात्रा कर कोडरमा पहुंचे और 777 सीढ़ी चढ़कर ध्वजाधारी पहाड़ पर स्थापित भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

जिले के श्रीराम संकीर्तन मंडल धार्मिक संगठनों की ओर से कांवर पदयात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। कांवड़ पद यात्रा का उदघाटन विधायक नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व नप के निवर्तमान उपाध्यक्ष संतोष यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में झुमरीतिलैया से कोडरमा तक महिला-पुरुष शिवभक्तों का रैला उमड़ पड़ा। कांवर यात्रा में शामिल भक्तों के स्वागत के लिए जगह-जगह



शिव भक्ति में रमे श्रद्धालु • फोटोन न्यूज

चाय, शर्बत के स्टाल लगाए थे। वहीं तिलैया से कोडरमा तक भक्तों के स्वागत के लिए करीब 15 तोरणद्वार बनाए गए। जगह-जगह लोक कलाकारों द्वारा भगवान शिव की महिमा पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गयी। भगवान शिव के भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते झूमते बाबा के दरबार पहुंचे।

**प्रशासन ने भी किया पुख्ता प्रबंध**

मंदिर परिसर के अलावे पदयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुरुष बलों की तैनाती की गई थी। वहीं समिति के वालिंटियर लगातार मानिटरिंग कर रहे थे। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से भी पदयात्रा पर नजर रखी गयी। पदयात्रा में तकरीबन 75 हजार से उपर शिव भक्तों के शामिल होने का अनुमान लगाया गया। इनके लिए ध्वजाधारी धाम की तलहटी पर नंदी बाबा ट्रस्ट के द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई। इस पदयात्रा में बिहार झारखंड और बंगाल से आए शिवभक्त भी शामिल हुए।

# सावन महीने की अंतिम सोमवारी : बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब



बाबा आम्रेश्वर धाम में कतार में खड़े श्रद्धालु • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI:** सावन महीने की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर खूंटी जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। लगभग 80 हजार भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही यहां मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के साढ़े तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान घंटों कतार में खड़े भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, प्रबंध समिति के सदस्य और एनसीसी कैडेट व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। तड़के प्रारंभ हुई पूजा-अर्चना का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी व सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा-अर्चना के बाद दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों के साथ महिला और पुरुष बल के जवान मंदिर परिसर सहित पूरे मेले परिसर में तैनात थे। साथ ही धाम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे से हर छोटी-बड़ी घटना पर नजर रखी जा रही थी। जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रख बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, सत्यजीत कुंडू के अलावा अन्य पदाधिकारी और सदस्य पूरे दिन धाम परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे। दूसरी ओर शहर के पुरातन महादेव मंडा सहित अन्य शिवालयों में भी जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के पुरातन महादेव मंडा में देर शाम आयोजित पारंपरिक श्रृंगार पूजन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए।

BRIEF NEWS

## जिले में डेंगू मरीजों की संख्या 300 के पार

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सोमवार को डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 300 के पार हो गई। जिला सर्विलांस विभाग की ओर से जांच को भेजे गए नमूने की आई रिपोर्ट में 17 नए मरीज मिले हैं। इन मरीजों में मानगो के छह, बिष्टुपुर के तीन, सोनारी व बारीडीह में दो-दो, जुगसलाई व कदमा के एक-एक मरीज शामिल हैं। इन सभी का इलाज शहर के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। इसके साथ ही सोमवार को जिले में डेंगू के 47 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जिला सर्विलांस विभाग ने सभी का नमूना लेकर जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कालेज भेजा है। इन मरीजों का इलाज गुरुनानक हॉस्पिटल, टाटा मोटर्स अस्पताल, ब्रह्मानंद अस्पताल, टीएमएच सहित अन्य अस्पतालों में चल रहा है।

## एमजीएम : इमरजेंसी ड्यूटी में गायब रहने पर चार डॉक्टरों को शोकॉज

JAMSHEDPUR : एमजीएम अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी से गायब रहने पर अधीक्षक डॉ।.रवींद्र कुमार ने चार चिकित्सकों से शोकॉज पूछा है। इसमें डॉ. नीलोफर, डॉ. विक्रम मुर्मू, डॉ. निधि और अवनीश कुमार शामिल हैं। इन लोगों की ड्यूटी इमरजेंसी में थी। लेकिन ड्यूटी से गायब रहने के कारण रविवार सुबह में कई मरीजों को परेशानी हुई थी। अधीक्षक ने बताया कि डॉक्टरों से गायब रहने के कारण जबाव मांगा गया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## स्कूल जा रहे बच्चों से भरी ऑटो पलटी, चालक समेत तीन घायल

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के जुगसलाई थाना के समीप सोमवार सुबह विद्यार्थियों से भरी एक ऑटो पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने ऑटो को सीधा किया और घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं एक छात्र को टीएमएच ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार छात्रों से खचाखच भरी एक ऑटो बिष्टुपुर से जुगसलाई की ओर जा रही थी। जुगसलाई थाना के समीप अचानक ऑटो पलट गई जिससे चालक समेत चार घायल हो गए।

## डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए जिप सदस्य ने सीएमओ को लिखा पत्र

CHAIBASA : गुवा, बड़ाजामदा तथा किरीबुरू, मेघाहातुबुरु में डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम को लेकर नोवामुंडी भाग एक की जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि नोवामुंडी भाग एक में इन दिनों गुवा, बड़ाजामदा और किरीबुरू मेघाहातुबुरु में डेंगू तथा मलेरिया ज्वर से लोग पीड़ित है। कुछ पीड़ितों की भी जान जा चुकी है। बीमारी की रोकथाम के लिए स्पेशल मेडिकल कैंप एवं डेंगू मलेरिया ग्रसित क्षेत्र में दवा का छिड़काव करने की स्वीकृति प्रदान किया जाए। इस पत्र की प्रतिलिपि सांसद गीता कोड़ा और उपायुक्त चाईबासा को प्रेषित किया गया है।

## मां तारा मंदिर में युवाओं ने किया भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक



CHAIBASA : सावन की अंतिम सोमवारी पर सभी अपने-अपने तरीके से भगवान भोलेनाथ की पूजा करने में लगे हुए हैं। कहीं जिलाभिषेक किया जा रहा है तो कहीं रुद्राभिषेक। टुंगरी स्थित मां तारा मंदिर में स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक में शामिल होने के लिए क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया गया था। बड़ी संख्या में लोग ने रुद्राभिषेक भाग लिया। रुद्राभिषेक पूरी तरह से विधि विधान के साथ किया गया, इसमें ब्राह्मणों के द्वारा भगवान भोलेनाथ के सहस्त्रनाम का मंत्रोच्चार किया गया।

# बागुनहातु क्षेत्र के लोगों को शीघ्र मिलेगी टाटा की बिजली : विधायक सरयू राय

## COMPANY के अधिकारियों ने पावर सब-स्टेशन निर्माण के लिए जगह का किया निरीक्षण

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : विधायक सरयू राय के प्रयास से टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तीयों में टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) बिजली उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार बागुनहातु क्षेत्र में टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) बिजली उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रल पावर सब-स्टेशन का निर्माण के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के अधिकारियों का एक दल बागुनहातु क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर स्थल की पहचान कर ली गयी है।

टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के अधिकारियों ने बताया कि बहुत ही जल्द उक्त स्थल पर सेंट्रल पावर सब-स्टेशन का निर्माण कर लिया जाएगा। सरकार



स्थल निरीक्षण करते टाटा के अधिकारी। • फोटोन न्यूज

से भूमि का हस्तांतरण करवाने के लिए जिला अपर उपायुक्त को पत्र लिखा जाएगा। निकट भविष्य में बढ़ती आबादी की आवश्यकता को देखते हुए अतिरिक्त भूमि हस्तांतरित करने की योजना है। ताकि भविष्य में आवश्यकता के अनुसार और पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराया जा सके।

इससे पहले विधायक सरयू राय ने टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तीयों के निवासियों को टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर बनी कमेटी की बैठक में बागुनहातु के लागों को शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की बात कही थी। इसके लिए उन्होंने बस्तीवासियों से बिजली कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के महाप्रबंधक को दिया था और यथाशीघ्र इसपर कारवाई करने का निर्देश दिया था। टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के अधिकारियों ने इसके लिए सर्वे टीम तैयार कर सब-स्टेशन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण और नेटवर्क फिजीबिलिटी का सर्वे करने की बात कही थी। जिसके परिणाम स्वरूप पावर सब स्टेशन के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया।

विधायक सरयू राय के प्रयास से छायानगर-चंडीनगर, निर्मलनगर में बिजली देने के लिए पावर सब-स्टेशन निर्माण का कार्य टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) द्वारा पूरा कर लिया गया है। उपभोक्ताओं को बिजली देने के लिए एलटी लाइन का कार्य शीघ्र पूरा करने का कार्य चल रहा है। मोहरदा में भी बिजली कनेक्शन देने के लिए पावर सब-स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। बागुननगर क्षेत्र में विद्युत क्षमता को 2 केवीए से बढ़ाकर 10 केवीए करने के लिए विधायक की पहल पर बागुननगर में एक नया सब स्टेशन का निर्माण कर लिया गया है। लोगों को बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है।

इसके अलावे बिरसानगर क्षेत्र में भी टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) की बिजली के लिए जोन नं. 7, 8 और 10 में पावर सब-स्टेशन निर्माण के लिए स्थल का चयन प्रक्रिया में है। बारीडीह बस्तीवासियों को टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) बिजली देने के लिए पावर सब-स्टेशन का निर्माण जिला स्कूल के समीप की जाएगी। बारीडीह के शक्तिनगर, शांतिनगर, वास्तुविहार को भी टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) की बिजली से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य जारी है। इसके लिए शांतिनगर पुलिया के समीप सब-स्टेशन का निर्माण करने की योजना चल रही है।निरीक्षण के दौरान टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) के डीजीएम एमके पाण्डा, विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह, भाजमो बारीडीह मंडल के अध्यक्ष विजय नारायण, राकेश पटेल, विष्णु प्रसाद, सुभाष जेना, दिनेश साहु, सुबीर सेन, नागेश आदि उपस्थित थे।

## सांसद बीडी राम ने जेल में अभय सिंह से की मुलाकात

JAMSHEDPUR : पलामू के सांसद एवं भाजपा नेता बीडी राम ने सोमवार को घाघीडीह जेल में बंद अभय सिंह से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मौके पर मीडिया से बातचीत के क्रम में बीडी राम ने कहा कि सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह के साथ अपराधी सा व्यवहार किया जा रहा है। इस मामले में पार्टी गंभीर है, एवं विधि विशेषज्ञों से राय लेकर आगे की कार्रवाई करेगी। पार्टी अभय सिंह को जेल से बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि जिस मामले में अभय सिंह को जेल भेजा गया था उस मामले में अभय सिंह को जमानत मिल गई है, लेकिन झूठे मामले में फंसाकर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें जेल में रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जिला प्रशासन को चाहिए कि वो निष्पक्ष कार्रवाई करें। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो, जिला अध्यक्ष गुंजन यादव सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करीम सिटी कॉलेज में यातायात सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : करीम सिटी कॉलेज मानगो कैंपस जमशेदपुर में यातायात सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और लाभान्वित भी हुए। मुख्य वक्ता डॉ एम शारिक सईद थे। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से इन नियमों के पालन करने का अनुरोध यह कह कर किया कि दूसरों से आपकी और आपसे दूसरों की सुरक्षा अति आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सड़क पर हमारी सुरक्षा तभी सुनिश्चित हो



यातायात नियमों की जानकारी देते डॉ एम शारिक सईद। • फोटोन न्यूज

सकती है जब हम यातायात के नियमों की जानकारी रखें और पालन भी करें। उन्होंने इस बात पर अपनी चिंता जताई कि सड़क पर चलते हुए हर समय दुर्घटना की संभावना प्रतीत होती रहती है परंतु यह सत्य है कि यदि सारे लोग यातायात के नियमों का पालन करने लगें तो दुर्घटनाओं की संभावना शून्य हो सकती है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी डॉ अनवर अली के अतिरिक्त अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# JMM प्रतिनिधिमंडल ने डेंगू मुक्त करने को लेकर MMC के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम (एमएमसी) के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव से मिलकर मानगों के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैल रहे डेंगू की रोकथाम के लिए ज्ञापन एक सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने कार्यपालक पदाधिकारी को मानगों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे डेंगू की संख्या को लेकर ध्यान आकृष्ट किया। इसके रोकथाम के लिए मानगो के विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह पर फोगिंग करने एवं छोटी-बड़ी सभी नालियों का सफाई करवाने की मांग



कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचा जेएमएम का प्रतिनिधिमंडल। • फोटोन न्यूज

की। इसके अलावे नियमित रूप से डीडीटी पाउडर का छिड़काव करने की मांग की। ताकि मानगो क्षेत्र को डेंगू से मुक्त किया जा सके।

इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी नेता सह 15 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य शेख बदरुद्दीन, जिला संगठन सचिव फैजाबाद खान, विनोद डे, कालू गोराई, इस्लाम खान, प्रभात सिंह, उज्जवल दास, महेश्वर कालिंदी, परवेज खान, रंजीत दास, मनू मांझी, धनो टुडू आदि उपस्थित थे।

# भोजपुरी गायिका कल्पना के मधुर भजन वर्षा ने शहर वासियों को खूब झुमाया

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर साकची गुरुद्वारा मैदान में हर हर महादेव संघ की ओर से शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में विशेष रूप से भोजपुरी की लोकप्रिय गायिका कल्पना पटवारी ने अपनी मधुर स्वर की वर्षा से देर रात तक भक्तों को झुमाया। गुरुद्वारा मैदान गायिका कल्पना पटवारी की एक झलक पाने के लिए शहर भर के लोग आये हुए थे। शाम से ही लोगों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आना शुरू हो गया था। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर हर हर महादेव संघ ने पहले से ही सारी तैयारियां कर ली थी। हर हर महादेव संघ के प्रमुख अमरप्रीत



गीत प्रस्तुत करती भोजपुरी गायिका कल्पना। • फोटोन न्यूज

सिंह काले ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्टेज से लेकर पंडाल और लोगों के बैठने के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई थी।

भोजपुरी भजन गायिका देर तक दर्शकों ने इंतजार किया। जैसे ही भजन गायिका स्टेज पे आई , लोगों की तालियां बजने शुरू हो गई। इस पर कल्पना ने सभी दर्शकों के प्यार के प्रति आभार प्रकट किया। भजन के दौरान कल्पना ने वहीं पुराने अंदाज में गीत 'अब हमसे ना भंगिया पिसाई ए गणेश के पापा' गाना शुरू किया, दर्शक कुर्सी से खड़ा होकर साथ गाने लगे। देर रात तक चले कार्यक्रम में कल्पना ने एक से बढ़कर एक भजन से लोगों का मनोरंजन किया।

# फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : आरडीए अकादमी की ओर से सिदगोदा स्थित टाउन हॉल में फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता फिनाले का आयोजन हुआ। जिसमें किड्स कैटेगरी में साइबा कौर और आर्यन साहू ने फाइनल का खिताब जीता। वहीं मिस्टर एंड मिस कैटेगरी में अविष्का चंद और नील न खिताब अपने नाम किया। वहीं मिसेज कैटेगरी में मीता घोष ने जीता। विजेताओं को झारखंड चार्मिंग फेस का खिताब दिया गया। साथ ही उन्हें पुरस्कार के साथ सर्टिफिकेट भी दिया गया।

मॉडलिंग प्रतियोगिता में कुल 45 प्रतिभागी फिनाले में जगह बनाये थे। जिसमें 15 प्रतिभागी किड्स कैटेगरी, 20 प्रतिभागी



मॉडलिंग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। • फोटोन न्यूज

मिस्टर और मिस कैटेगरी, 10 प्रतिभागी मिसेज कैटेगरी में शामिल थे। वहीं डांस में कुल 150 प्रतिभागी शामिल थे।

इससे पहले इस प्रतियोगिता का पहला चरण 6 अगस्त को हुआ था। प्रतियोगिता को लेकर आरडीए अकादमी के चेयरमैन रोहित कर्मकार और भोजपुरी एक्ट्रेस प्रिया चौधरी ने बताया कि शहर में फैशन और मॉडलिंग का जबरदस्त क्रेज है। प्रतियोगिता में सभी कैटेगरी के लोग हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होता रहेगा। ताकि बच्चों व युवाओं में फैशन और मॉडलिंग के प्रति और भी क्रेज बढे।

## PARSUDIH में श्याम भक्त मंडल का 15वां वार्षिक महोत्सव आयोजित

# लागे है प्यार दरबार बाबा का... जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु, महावीर और मुरली वाले के लगे जयकारे

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : सावन माह के एकादशी के शुभ अवसर पर परसुडीह हाट बाजार के पास स्थित सोसाइटी कॉलोनी में श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह द्वारा 15वां श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री गणेश वंदना से भजनों का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। यजमान उषा-श्याम सुंदर अग्रवाल ने पूजा की और पंडित गोपाल शुक्ला ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करायी और सब भक्तों को रक्षा सूत्र बांधा।

महोत्सव में आमंत्रित कलाकार वाराणसी के पुनीत कृष्ण जैतली (पागाल बाबा) समेत स्थानीय भजन गायक बंटी चांगिल, हरजीत सिंह हीरा, सोनु शर्मा ने बाबा श्याम के भजनों का गुणगान कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायकों ने कीर्तन के माही भक्ता संग खाटू वाला नाच रहया..., लागे हैं प्यारा दरबार बाबा का..., मुरली वाले



भजन प्रस्तुत करते मंडली के सदस्य व अन्य। • फोटोन न्यूज

हनुमान..., बाबा के दर पे देर हैं मगर अंधेर नहीं..., जीते मिटटी मरते मिटटी देख तमाशा मिटटी का..., बम बम भोले बोल रहा है काशी..., पागल पागल मैं तो पागल हो गया.., शीश के दानी महाबलवानी..., कीर्त्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., श्याम बाबा का श्रृंगार प्यारा लागे..., अपने दिल का हाल मैं सुनावन आया हैं.... आदि भजनों से श्याम भक्तों को भावविभोर कर दिया। बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खूब झूमे। बाबा श्याम के दरबार में रविवार की देर रात दो बजे तक भजनों की अमृतवर्षा होते रही। महोत्सव का आकर्षण भव्य दरबार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग का प्रसाद था। रविवार और सोमवार के बीच की रात 02.15 बजे श्री खाटू श्याम जी की महाआरती की गई। इसके बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया।

महोत्सव में अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज, पूर्व विधायक कुणाल षाड़गी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदिप्तो डे राणा, समाजसेवी अरूण बांकरेवाल, प्रो एच पी शुक्ला, मानिक मल्लिक, संदीप शर्मा बॉबी, राहुल शर्मा, संदीप मुरारका, कमल किशोर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सन्नी संघी आदि शामिल हुए और खाटू श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्याम बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सभी अतिथयों को श्याम बाबा के नाम का अंग वस्त्र और तुलसी का पौध देकर सम्मानित किया गया।

इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में रतन अग्रवाल, बिजय अग्रवाल बिजु, अखिलेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रोहित अग्रवाल बबलु, विनीत अग्रवाल, वैभव बंटी अग्रवाल, अनुराग शर्मा, नवीन अग्रवाल बंटी, श्याम सुंदर अग्रवाल, संजय अग्रवाल संजु एवं शंकर अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# DBMS कदमा हाई स्कूल में अंग्रेजी काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित



काव्य पाठ प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के सभागार में सोमवार को अंग्रेजी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता प्रकृति (नेचर) विषय पर आधारित था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत एकल काव्य पाठ, सामूहिक काव्य पाठ, भाषण, कहानी वाचन एवं टेडटॉक के माध्यम से बच्चों ने अपनी वाचन प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। निर्णायक की भूमिका में शहर की जानी-मानी शिक्षिकाएं रजनी शर्मा, आनंदिता राय तथा देवश्री बनर्जी उपस्थित थीं। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा निर्णायकों का दिल जीत लिया।

**एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में कामाक्षी वर्मा आई प्रथम :** एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कामाक्षी वर्मा, द्वितीय रीमा कार और तृतीय स्थान पर जैनब खान रही वहीं कहानी वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इशानी सिंह, द्वितीय इप्सिता दास और तृतीय अक्षत जबकि भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पियूष राज, द्वितीय आकृति दूबे, तृतीय पी जसवंत और टेडटॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्षिता दूबे, द्वितीय वी वानी और तृतीय स्थान पर सुमेधा रहीं। इस अवसर पर डीबीएमएस संस्था के चेयरपर्सन (फाइनेंस) बी। चंद्रशेखर, सचिव अनीता रामकृष्णा, प्रधानाचार्या गुरप्रीत भामरा, उप प्रधानाचार्या सुपर्णा राय एवं एस शीरीन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# अब सूर्य की ओर

जब संसार चंद्रयान-3 की चर्चा में लगा है, तब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक अपने आदित्य अभियान को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। सबकुछ ठीक रहा, तो इसरो सूर्य का अध्ययन करने के लिए 2 सितंबर को आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण कर देगा। यह भारत की ओर से किया जा रहा पहला सूर्य अभियान है और इसके द्वारा भारत सूर्य के अध्ययन को आगे बढ़ाएगा। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। यह बड़ी परियोजना सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का एक नाम आदित्य भी है, अतः इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने की मुनादी भी करेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जाएगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है, जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। सूर्य के करीब की यह सुरक्षित कक्षा पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किए गए हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम है। इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब, इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है, जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारत में हर सुबह सूर्य नमस्कार और सूर्य को जल अर्पण दिनचर्या में शामिल है। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक अमेरिका, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जर्मनी ने ही सूर्य के अध्ययन के लिए अभियान चलाया है। ऐसे करीब बीस अभियान चले हैं और जिनमें से दो-तीन अभियान ही विफल रहे हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा एक ऐसा सूर्य अभियान चला चुकी है, जिसमें सूर्य तक पहुंचकर यान को फिर पृथ्वी पर लौटना था। बताया जाता है कि वह यान सूर्य के पास की हवा व कणों के साथ लौट रहा था, पर पृथ्वी पर आक्रामक ढंग से उतरने के चलते कुछ खास तत्व हाथ नहीं लगा। अतः यह आज भी बहुत बड़ी वैज्ञानिक चुनौती है कि सूर्य के पास मौजूद कणों को कैसे पृथ्वी पर लाकर अध्ययन किया जाए?

# भारत की सूझबूझ

साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई- जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया। उसके बाद से ही नए सदस्यों की एंट्री पर जब-तब चर्चा होती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गई। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। दूसरी वजह यह रही कि बदले वैश्विक हालात के मद्देनजर चीन इस पर बहुत जोर दे रहा था। इसे देखते हुए यह आशंका जताई जा रही थी कि शायद भारत इस मसले पर ज्यादा पॉजिटिव रुख न दिखाए। चीन के सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, इन अटकलबाजियों से अलग भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नए सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे।

# गेंद आई तो फिर दद्दा की हो गई

ANALYSIS



योगेश कुमार गोयल

**सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले।**

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। वो मूल रूप से बुंदेलखंड के थे। उन्हें बुंदेलखंड में आज भी हर कोई प्यार से दद्दा कहकर पुकारता है। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे



बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूनार्मेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने करियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनकी जयंती को ह्रराष्ट्रीय खेल दिवसह्र घोषित किया गया। और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# बनता और संवरता हुआ भारत

यह अमृतकाल का क्षण है। देश अपने नेतृत्व को उम्मीद भरी दृष्टि से देख रहा है। करीब एक दशक इन उम्मीदों को पूरा करने के प्रयत्नों का गवाह रहा है। आने वाला समय इन स्वप्नों को वास्तविकता में परिवर्तित होते देखने का समय है। यह केवल एक आस नहीं है, बल्कि विश्वास है। इस विश्वास का आधार कर्मठता की सनातन परंपरा है। वह परंपरा जिसका आधार राष्ट्र हित और दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय है। वह परंपरा जिसका पालन प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। अमृतकाल में भारत का यशोवर्द्धन होगा, यह विश्वास करने के पीछे कई कारण हैं। इस बार जब स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा, कि 140 करोड़ मेरे भाई-बहन, मेरे परिवारजन... तो मुझे शिकागो में हुई विश्व धर्म संसद याद हो आई। इसरो के मुख्यालय जाकर भी उन्होंने वहां के विज्ञानियों को मेरे परिवार जनों कहा। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भाइयों और बहनों कह कर समूचे विश्व को प्रभावित कर लिया था। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि भारत से जो प्रकाशपुंज उठा है, उसमें विश्व को ज्योति नजर आ रही है। आज हमारे पास लोकतंत्र, जनसंख्या और विविधता है और यह त्रिवेणी भारत के हर सपने को साकार करने का सामर्थ्य रखती है। भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य बना है मोदी सरकार के प्रति जन-जन का और विश्व का भारत के प्रति विश्वास।यह बेवजह नहीं है। 2014 में हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10 वें नंबर पर थे, आज हम विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालने के पहले दिन से ही कृषि और किसानों के विकास को देश की तरक्की का मूल माना। प्रधानमंत्री ने कृषि बजट को लगभग 5 गुना बढ़ा कर कृषि विकास में बाधा बन रही धन की कमी को दूर किया है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की गई, जिसमें अभी तक 2.60 लाख करोड़ रु. करोड़ों किसानों के खातों में जमा कराए जा चुके हैं। पहले यह राशि बिचौलियों में बंट जाती थी, लेकिन पारदर्शी व्यवस्था के कारण अब यह राशि बिना बिचौलियों के सीधे किसानों को मिलती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक किसानों द्वारा 29 हजार करोड़ रु. प्रीमियम जमा कराए गए, जबकि नुकसान उठाने वाले किसानों को 1.40 लाख करोड़ रु. का क्लेम दिया जा चुका है। एफपीओ यानी किसान उत्पादक संगठन देश में कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने, छोटे किसानों को सशक्त बनाने और कृषि परिदृश्य को बदलने के अभिप्रेरक के रूप में उभरे हैं। इस बार बजट में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना में बाजरा, रागी और ज्वार के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 2013-14 की तुलना में दोगुने तक की वृद्धि की गई है। यह योजना किसानों में समृद्धि ला रही है। देश की तरक्की समूचे विश्व को दिखाई दे रही है, मगर हमारा विपक्ष और खासकर कांग्रेस आंखें बंद किए बैठी है। विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाता है और प्रधानमंत्री के भाषण के बीच बहिर्गमन कर जाता है। एक समय मध्य प्रदेश शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, खेती किसानी, बाल मृत्यु, मातृ मृत्यु जैसे तमाम पहलुओं पर बीमारू कहा जाता था। आज मध्य प्रदेश कृषि उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि कर रहा है। सिंचाई का रकबा ऐतिहासिक रूप से बढ़ा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संकल्प लिया है कि 2030 तक प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना किया जाएगा। यह संकल्प बिना कृषि समृद्धि के संभव नहीं है। इसीलिए शिवराज सरकार ने तय किया है कि राज्य के कुल कृषि उत्पादन को बढ़ाकर 10 करोड़ मीट्रिक टन के स्तर तक ले जाया जाएगा। हर किसान के खेत के अंतिम छोर तक भरपूर सिंचाई सुविधा दे कर सिंचाई क्षमता को 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में 44 हजार 605 करोड़ लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना मंजूर हो चुकी है। प्रदेश में 486 सिंचाई परियोजनाओं से 33 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता बढ़ेगी। ऐसे प्रबंध किए जाएंगे कि प्रदेश में कोई परिवार बिना छत के नहीं रहेगा। इसके लिए सभी नागरिकों को पक्का मकान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रस्तुत कर आवास से वंचित सभी लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने पहले लाडली लक्ष्मी योजना प्रस्तुत की। अब महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा और शक्ति देने के लिए लाडली बहना योजना लांच की गई है। इस योजना में प्रति माह सवा करोड़ बहनों के खाते में एक हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। यह राशि बढ़ा कर 3 हजार रुपये करने की योजना है। शिवराज सरकार ने आदिवासी समुदाय के हित में पेसा कानून लागू किया है। यह आदिवासी समाज के हितों का संरक्षण करने की दिशा में यह सरकार का अभूतपूर्व निर्णय है। आदिवासी बहुल विकासखंडों में पेसा कानून लागू होने से आदिवासी समुदाय को जल, जंगल और जमीन का अधिकार मिलेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने पेसा एक्ट लागू करने को महाअभियान बना दिया है। हर गांव में समितियां गठित की गईं और इन समितियों में एक तिहाई सदस्य महिलाओं को रखा गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश उस राह पर चल रहा है, जिस विकास पथ का स्वप्न प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 21वीं सदी का एक समर्थ और समृद्ध भारत स्वरूप ले रहा है। एक ऐसा भारत जिसकी उज्ज्वल आभा से दुनिया अचंभित और चमत्कृत है। प्रधानमंत्री मोदी का दिया सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का मंत्र देश का मिशन बन गया है। हम सब इस प्रगति यात्रा के सहगामी बनें।

# Social Media Corner

सच के हक में...



रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। इसी कड़ी में आज सुबह 10 :30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति-पत्र वितरित करने का सुअवसर मिलेगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



मुझे बताया गया है कि एक फिल्म में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण, दुर्योधन और कर्ण तीनों भूमिकाओं में अद्भुत अभिनय किया था। उन्होंने सामान्य लोगों के दुख-दर्द को भी अपने अभिनय से अभिव्यक्त किया था। अपनी एक फिल्म ह्यमनुषुलु अन्ता वोक्कटे यानी ह्यसभी मनुष्य एक समान हैं के द्वारा उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता का संदेश प्रसारित किया था।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



कांग्रेस में एक बात की बड़ी चर्चा है। चर्चा ये है कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव लड़ने वाले जनरल (सामान्य) वर्ग के प्रत्याशियों से फॉर्म के साथ 50 हजार का डिमांड ड्राफ्ट ले रही है। एसटी/एससी के प्रत्याशियों के लिए ये राशि 25 हजार रखा गया है। मोहब्बत की दुकान में सामान बड़ा महंगा है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# आत्मनिर्भर भारत का अभूतपूर्व अंतरिक्ष अध्याय

नए भारत की विकास यात्रा में चंद्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले कोरोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले चंद्रयान अभियान की विफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- वयं अमृतस्य पुत्राः। हम अमृत की संतान हैं जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, न हो कोई निराशा। हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। कहा, जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नए भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है।यह सफलता पूरी मानवता की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है। इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और तीर्थ स्थानों को जोड़ने के लिए इन दिनों भारत गौरव यात्रा ट्रेन और भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आजादी के अमृतकाल में भारत के जी-20 की अध्यक्षता करना बड़ा अवसर है। यह ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है।

# नारी शक्ति का प्रदर्शन

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में यह जो कहा कि चंद्रयान-3 अभियान नारी शक्ति का जीवंत उदाहरण है, उससे कोई भी असहमत नहीं हो सकता, क्योंकि सारी दुनिया ने यह देखा कि इस अभियान को संचालित करने में बड़ी संख्या में महिला विज्ञानी और इंजीनियर शामिल थीं। जिस समय करोड़ों लोग चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा की सतह को स्पर्श करते हुए देख रहे थे, उस समय वे इसरो मुख्यालय में अनेक महिला विज्ञानियों की उपस्थिति भी देख रहे थे। वह भी अद्भुत दृश्य था, जब इसरो मुख्यालय पहुंचे प्रधानमंत्री ने महिला विज्ञानियों और इंजीनियरों से खास तौर पर मुलाकात की और उनके योगदान को सराहा। चंद्रयान-3 अभियान में महिला विज्ञानी और इंजीनियर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रही थीं। इनमें से एक कल्पना के. तो इस महत्वाकांक्षी अभियान की डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर की भूमिका में थीं। स्पष्ट है कि हमारी महिला विज्ञानियों और इंजीनियरों ने यह दिखा दिया कि वे किसी से कम नहीं और किसी भी चुनौती भरी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकने में सक्षम हैं। यह पहली बार नहीं, जब इसरो के किसी अभियान में महिला विज्ञानियों और इंजीनियरों ने अपना महती योगदान दिया हो। सारी दुनिया में चर्चा और सराहना का पात्र बने मंगल अभियान को सफल बनाने में भी महिला विज्ञानियों का योगदान था। उस अभियान की शीर्ष टीम में पांच महिला विज्ञानी थीं। विज्ञान, तकनीक और शोध-अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस धारणा को खारिज करती है कि वे चुनौती भरे कामों को अंजाम देने में समर्थ नहीं। निःसंदेह यह धारणा भी टूटी है कि युवतियां विज्ञान और तकनीक से जुड़े विषयों में रुचि नहीं रखतीं। एक समय था, जब विज्ञान एवं तकनीक से जुड़े शिक्षा संस्थानों में लड़कियों की संख्या नगण्य सी हुआ करती थी, लेकिन हाल के वर्षों में उनकी संख्या में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# चाईबासा चेंबर चुनाव : बगैर सदस्यता नवीकरण मतदान नहीं कर सकेंगे सदस्य

## तैयारी शुरू, 29 सितंबर को होगा मतदान, नामांकन पत्रों की बिक्री 6 और 7 को



मीडिया को जनकारी देते चुनाव समीति सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 हेतु 29 सितंबर को रबिन्द्र भवन में होने वाले अष्ठम चुनाव के संबंध में चुनाव समिति ने चाईबासा चेंबर के नव अस्थायी चुनाव कार्यालय पीएचइडी कार्यालय के सामने गांधी टोला में किया मीडिया को संबोधित विदित हो की चाईबासा चेंबर चुनाव समिति द्वारा प्रेससवार्ता आयोजित कर आगामी चुनाव की आधिकारिक घोषणा कर दी गयी है तथा अब चाईबासा चेंबर चुनावी मोड में आ गया है।

चुनाव समिति ने पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव के निष्पादन के दावे के साथ कुछ जगहों पर डिजिटाइजेशन करने की बात भी कही है चाईबासा चेंबर चुनाव हेतु महत्वपूर्ण तिथियों का भी उल्लेख चुनाव समिति द्वारा किया गया है जो क्रमश नामांकन पत्रों की बिक्री दिनांक 6 एवं 7 सितंबर को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक नामांकन पत्र का दाखिल 08 एवं 09 सितम्बर प्रातः 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक 10 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक नामांकन वापसी तथा अपराह्न 02 बजे से 04 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच उपरांत वैध पाए गए नामांकन पत्रों के अनुसार प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी तथा उसी दिन प्रतायशियों को मतदाता सूचि एवं आदर्श आचार सहिंता की प्रति भी उपलब्ध करवा दी जाएगी चुनाव हेतु मतदान निर्धारित मतदान केंद्र रबिन्द्र भवन में दिनांक 29 सितम्बर को प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक ही होगा चुनाव समिति द्वारा मतों की गणना उसी दिन कर विजयी प्रत्याशियों को निर्वचित घोषित किया जायेगा।

चुनाव समिति ने तय नियमों के अनुसार यह भी स्पष्ट कर दिया है की चुनाव से संबंधित सभी कार्यक्रम अस्थायी चुनाव कार्यालय पीएचइडी कार्यालय के सामने गांधी टोला से संपादित होंगे। जिस भी प्रत्याशी द्वारा धनबल या बहुबल का उपयोग किया जायेगा या किसी बाहरी व्यक्ति की सहायत ली जाएगी जिससे चुनाव प्रभावित होगा उनका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा तथा वैसे सदस्य जो निर्धारित तिथि तक अपनी सदस्यता नवीकृत नहीं करवाएंगे उनको मतदान करने का अधिकार नहीं होगा। चाईबासा चेंबर चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा सदा ही डोर तो डोर कैम्पेन कर अपने पक्ष में मतदान हेतु आग्रह करने की प्रथा रही है।

चुनाव के संबंध में कार्यसमिति द्वारा लिए गए निर्णयानुसार शुल्कों का निर्धारण निम्न रूप से किया गया है नामांकन पत्र का शुल्क 500 रूपए अध्यक्ष पद हेतु 15000 रूपए उपाध्यक्ष पद हेतु 10000 सचिव पद हेतु 9000 रूपए सयुंक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु 7000 कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु 2500 पुनर्मतगणना शुल्क हेतु 3000 जो अप्रतिदेय होगा तथा नामांकन वापस लेने की स्तिथि में निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत ही प्रतिदेय होगा। उसी क्रम में अध्यक्ष पद के लिए वैसे सदस्य ही योग्य होंगे जिन्होंने कम से कम एक सत्र बतौर पदाधिकारी अपनी सेवा चेंबर में प्रदान की हो पदाधिकारी से तात्पर्य उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सयुंक्त सचिव है साथ ही उन्हें नामांकन पत्र में दस प्रस्तावकों की अनिवार्यता होगी। पदाधिकारी हेतु वैसे सदस्य ही योग्य होंगे जिन्होंने कम से कम एक सत्र बतौर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अपनी सेवा चेंबर में प्रदान की हो साथ ही उन्हें नामांकन पत्र में पांच प्रस्तावकों की अनिवार्यता होगी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में रिले रेस का आयोजन


रिले रेस में शामिल प्रतिभागी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र ( सेल) की ओर से 27 अगस्त को इस्पात स्टेडियम में एक रिले दौड़ का आयोजन किया गया।

रिले दौड़ का आयोजन युवा मामले और खेल मंत्रालय के निदेर्शानुसार देश भर में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के उपलक्ष?य में आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख?य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन एवं सी.एस.आर.) पी.के.स्?वाई उपस्थित थे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर फिट इंडिया के प्रति अपनी एकजुटता दिखाने के लिए कई प्रतिष्ठित खेल सम्मानित हस्तियाँ उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में लगभग 65 नवनियुक्त कार्मिकों ने भाग लिया।जिसमें पुरुष वर्ग में 9 टीमें, मिश्रित वर्ग में 6 और महिला वर्ग में 3 टीमों ने भाग लिया। दौड़ में नियमानुसार चार-चार व्यक्तियों की टीम थी।

गौरतलब है कि, इस वर्ष युवा मामलों एवं क्रीड़ा मंत्रालय और फिट इंडिया मिशन का उद्देश्य फिट इंडिया अभियान को स्कूलों, कॉलेजों, मंत्रालयों, सरकारी और निजी संगठनों तक पहुँचाना है। ताकि हर साल 29 अगस्त 2023 को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर मनाये जा रहे उत्सव में उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की

# राउरकेला इस्पात संयंत्र को दिया गया पर्यावरण संरक्षण स्वर्ण पुरस्कार


पुरस्कार प्राप्त करते सेल के अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) को पर्यावरणीय स्थिरता और संरक्षण में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सतत विकास फाउंडेशन द्वारा प्रतिष्ठित ह्यपर्यावरण संरक्षण स्वर्ण पुरस्कारह्व दिया गया।यह पुरस्कार पिछले दिनों बीते 25 अगस्त को लखनऊ में आयोजित 14वें एक्सीड ग्रीन फ्यूचर एनवायरनमेंट, सीएसआर एवं एचआर पुरस्कार और सम्मेलन में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आरएसपी. के कार्यपालक निदेशक (वर्क?स), एसआर.सूर्यवंशी को दिया। इस अवसर पर आरएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी (पर्यावरण इंजीनियरिंग), वीवीआर.मूर्ति और महा प्रबंधक प्रभारी (सिविल इंजीनियरिंग सर्विसेज), पवन गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया। इस अवसर में 'बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन'विषय पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्?व और मानव संसाधन के क्षेत्र में अनुकरणीय पहलों को प्रदर्शित किया गया और उनकी सराहना की गई। कार्यक्रम में एसआर.सूर्यवंशी ने सम्मेलन में ह्यप्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधनह्व के क्षेत्र में आरएसपी. के अग्रणी प्रयासों पर एक व्यावहारिक और व्यापक प्रस्तुति दी।

जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और अन्य प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कर्मीसमूह की जिम्मेदारी और सहयोगात्मक कार्रवाई के महत्व पर जोर देते हुए ह्य3आर, रिड्यूस, रीयूज और रीसाइक्लिंगह्व सिद्धांत पर आधारित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति इस्पात संयंत्र के बहुमुखी दृष्टिकोण को बताया।

## अंतिम सोमवारी को शिविर लगाकर बांटा गया प्रसाद



**ROURKELA :** मानस परिषद की ओर से श्रावण की अंतिम सोमवारी को कांवरियों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। परिषद द्वारा हर साल की तरह इस साल भी भक्तों के लिए शिविर लगाया गया। परिषद द्वारा सावन के सभी रविवार को सेवा शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा किया जाता है। शिविर में भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें पूडी, सब्जी, खिचड़ी का भोग वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में परिषद के सचिव त्रिलोकी पांडे, ट्रेजरर प्रेम गुप्ता, सिया कांत सिंह,राजू शुक्ला, जेएन बेहेरा,आदित्य मिश्र,अजीत सिंह यादव, ओपी सिंह,मुरली मोहन राव, भूषण त्रिवेदी, राज कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

# उमंग भारत दिव्यांग टीम को उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए किया गया सम्मानित



सम्मान पाने वाले दिव्यांग बच्चे व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** समर्पण अवरनेस ट्रस्ट की ओर भंज भवन सेक्टर-5 में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उमंग भारत दिव्यांग टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

उमंग भारत की शुरूआत वर्ष 2014 में हुआ था। इसकी शुरूआत एमडी जाहिद बिन अजीज द्वारा दिव्यांग समुदाय के उत्थान और उनके अधिकारों को दिलाने के लिए किया था। संस्थान द्वारा दिव्यांग युवाओं की प्रतिभाओं को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया जाता है। अब तक इस संस्था के 50 दिव्यांग खिलाड़ियों ने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके है। वर्ष 2017 में भी संस्थान के दिव्यांग खिलाडी. राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप में भी भाग लिया था।

वहीं 2018 में महिला दिव्यांग क्रिकेट प्रशिक्षण के लिए गुजरात के बड़ोदरा भी गए थी। 2019 में फिर से उमंग भारत की दिव्यांग लड़कियां अंपायर और स्कोरर की कोचिंग के लिए गईं थी। जहाँ संस्था की लड़कियों को लेवल 1 कोच के रूप में चुना गया और उन्हें सर्टिफिकेट भी मिला। 2022 में विकलांग लड़कों की टीम ने राष्ट्रीय पैरा कबड्डी चैंपियन में भाग लिया, वहां भी हमें बहुत सराहना मिली और अपने ओडिशा को गौरवान्वित करने का मौका मिला। इस अवसर पर उमंग भारत टीम के प्रेसिडेंट जाहिद अजीज, सेक्रेटरी जैनब हुमायरा, योगेंद्र दस, नरेश कुजूर, अशरफ अली, अंजली, पूजा बंकरा, सुमति, धानी, दीपक रजक, निसित, श्रीनिवास, देबासी, प्रदीप, रोशन कुल्ला आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर नयी समिति का गठन, बलविंदर सिंह बनाये गये अध्यक्ष


बैठक में उपस्थित समिति के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला स्थित सेक्टर-4 के सामुदायिक केंद्र में सोमवार को दुर्गा पूजा समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूजा कमेटी के दिवंगत प्रधान संपादक सुब्रत साहू के लिए एक मिनट की मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता खगेश्वर पांडा ने किया।

बैठक में पूर्व कमेटी के अध्यक्ष रवि नारायण दास एवं कोषाध्यक्ष अक्षय साहू ने पिछले वर्ष की पूजा के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

बैठक में इस वर्ष दुर्गा पूजा के लिए नई कमेटी के गठन के लिए चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी के नया अध्यक्ष बलविंदर सिंह को चुना गया। साधारण संपादक रामचंद्र गौड़, ब्रजबिहारी त्रिपाठी को कार्यकारी सभापति, अमित कुमार साहू को कोषाध्यक्ष, अक्षय साहू को ऑडिटर चुना गया।

इस अवसर पर अगले चरण में नई कमेटी का गठन कर अन्य सभी पदों की जानकारी देने का प्रस्ताव पारित किया गया। लक्ष्मी पूजा के लिए राहुल रॉय और काली पूजा के लिए संजीव कुमार को सर्वसम्मति से प्रमुख संपादक के रूप में स्वीकार किया गया। इस अवसर पर पूजा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ने की बैठक के सफल आयोजन पर सभी को धन्यवाद दिया।

# फ्लाई ओवर ब्रिज पर स्कूटी और बाइक में हुई टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल


अस्पताल में इलाजरत घायल। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** बसंती कॉलोनी फ्लाई ओवर ब्रिज पर सोमवार को स्कूटी और बाइक में जबरदस्त टक्कर हुई। जिसमें दोनों बाइक और स्कूटी सवार घायल हो गए। मौके पर वहां से गुजर रहे बीजेपी के मंडल सभापति हीरोज राय ने दोनो घायलों को इलाज के लिए ऑटो बुलाकर राउरकेला सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहाँ दोनों की हालत खतरे से बाहर बताया जा रहा है। हालांकि अस्पताल में घायलों को तत्काल इलाज शुरू नहीं होने पर बीजेपी नेता ने सरकारी अस्पताल पर इलाज को लेकर उपेक्षा की। क्योंकि शुरू में घायलों को इमर्जेन्सी में इलाज से पहले स्लिप की मांग की गई। जिस पर हीरोज राय के कहा कि जिन लोगों की सड़क दुर्घटना में हालत गंभीर होती है, वैसी हालत में पहले उनका इलाज करना आवश्यक है ना की टिकट। मिली जानकारी के अनुसार घायल दोनो युवक में एक मालगोदाम और एक वेदव्यास अंचल का बताया जा रहा है।

## नौकरी से जुड़े मामले में सेल प्रबंधन एवं सारंडा के ग्रामीणों के बीच उत्पन्न विवाद के समाधान का प्रयास

# सेल में आज से होने वाली आर्थिक नाकेबंदी टली


बैठक के बाद जश्न मनाते ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KIRIBURU :** नौकरी से जुड़ी सेल प्रबंधन एवं सारंडा के ग्रामीणों के बीच का विवाद का समाधान अनुमंडल कार्यालय जगन्नाथपुर में एसडीओ शंकर एक्का की अध्यक्षता में करने का प्रयास किया गया। बैठक में सेल प्रबंधन एवं सारंडा के ग्रामीणों के बीच आम सहमति नहीं बनी। हालांकि एसडीओ के समझाने के बाद सारंडा के ग्रामीण 29 अगस्त से किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान में की जाने वाली अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम को उपायुक्त के साथ होने वाली अगले दौर की वार्ता तक टाल दिया है। उपायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली वार्ता में अगर कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकलता है, तो पुनः आर्थिक नाकेबंदी की तिथि घोषित की जायेगी।

**वर्तमान बहाली में सारंडा के एक भी युवक को नहीं लिया गया:** इस मामले में एसडीओ शंकर एक्का ने लगातार न्यूज से बातचीत में कहा कि सारंडा के ग्रामीण इस बात से नाराज हैं कि सेल की वर्तमान बहाली में सारंडा के किसी भी युवक को नहीं लिया गया। सेल की स्थायी व अस्थायी बहाली में सारंडा के बेरोजगारों को नौकरी दी जाये। इस मामले में सेल प्रबंधन ने कहा कि यह देश स्तर पर बहाली आयोजित की गई थी, जिसमें साक्षात्कार के बदौलत योग्य का चयन हुआ है। सेल प्रबंधन ने यह भी कहा कि भविष्य की नियुक्ति हेतु हम सारंडा के शिक्षित युवाओं को प्रशिक्षित कर साक्षात्कार लायक तैयार करेंगे। इससे उन्हें लाभ होगा। हालांकि सारंडा के ग्रामीण सेल प्रबंधन के फैसले को नहीं मान रहे हैं। वह खदान में स्थायी व अस्थायी नौकरी की मांग पर अडे. हैं। इस मामले की जानकारी उपायुक्त को देकर उनकी अध्यक्षता में अगली बैठक का फैसला हुआ है। तब तक सारंडा के ग्रामीण आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम को आगे तक के लिये स्थगित करने का फैसला लिया।

**एसडीओ ने सेल प्रबंधन को लगाई फटकारः** दूसरी तरफ सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने भी एसडीओ के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि एसडीओ ने सेल प्रबंधन को फटकार लगाई है। हम उपायुक्त के साथ होने वाली अगले दौर की वार्ता तक के लिये अपना आंदोलन स्थगित करते हैं। सारंडा के शिक्षित बेरोजगार एवं ग्रामीण सेल प्रबंधन से इस बात को लेकर नाराज हैं कि पिछले दिनों सेल की सारंडा स्थित चारों खदानों के लिये आयोजित बहाली में शामिल सारंडा का एक भी युवक का नाम जारी सूची में नहीं किया गया। सारंडा के ग्रामीण अपने क्षेत्रों में खदान होने के बावजूद सारंडा के युवकों को नौकरी से वंचित रखने का आरोप लगाते हुये 29 अगस्त से किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान में आर्थिक नाकेबंदी करने की घोषणा की है। इसी मामले का समाधान हेतु यह बैठक आयोजित की गई थी।

**बैठक में ये थे शामिलः** जगन्नाथपुर के एसडीओ शंकर एक्का, नोवामुंडी के अंचलाधिकारी सुनील चन्द्रा, किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय, मेघाहातुबुरु के सीजीएम आरपी सेलबम, गुवा एवं चिड़िया के सीजीएम कमल भास्कर, किरीबुरु के महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, उप महाप्रबंधक अमित विश्वास, मेघाहातुबुरु के महाप्रबंधक विकास दयाल, सहायक महाप्रबंधक आलोक वर्मा, छोटानागरा थाना प्रभारी उमा शंकर वर्मा, किरीबुरु थाना प्रभारी फिलमोन लकड़ा, गुवा थाना प्रभारी अनिल यादव, चिड़िया ओपी प्रभारी देवशाय भगत के अलावे सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम, मुखिया मुन्नी देवगम, बिनोद बारिक, जुनू पूर्ति, मनचुड़िया सिद्धू, राजेश, जानुम सिंह सोय, गंगाराम होनहागा, रोया सिद्धू, सुंदर बोदरा, मसीह चरण तोपनो, जगमोहन गुड़िया, मंगरा सिद्धू, ब्रजमोहन बंकिरा (सभी मुंडा), सुशेन गोप, बामिया माझी, देवधारी कुमार आदि दर्जनों शामिल थे।

# राउरकेला इस्पात संयंत्र में लांच किया गया गो-लाइव



**PHOTON NEWS ROURKELA :** अपने आपूर्तिकर्ता संबंधों को आधुनिक बनाने और बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए, सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) ने उत्सुकता से प्रतीक्षित आपूर्तिकर्ता संबंध प्रबंधन प्रणाली के तीसरे चरण को शुरूआत कर दिया है। पिछले दिनों मंथन सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक समारोह में, राउरकेला इस्पात संयंत्र और बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने एसएपी. प्लेटफॉर्म पर चरण 3 वेब आधारित आपूर्तिकर्ता संबंध प्रबंधन 7 को गो-लाइव कर लॉन्च किया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पी.के.शतपथी, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन), सोमनाथ त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक (खान), आलोक वर्मा, कार्यपालक निदेशक (वित एवं लेखा), एके.बेहुरिया और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सीओ.सीसीडी, यूएंडई) एवं कार्यकारी कार्यपलाक निदेशक (वर्क्स), आई राजन और आरएसपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मेसर्स एसएपी. लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर बताया कि विशेष रूप से यह प्रणाली आपूर्तिकताओं को अभूतपूर्व वास्तविक समय प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अवसर पर सीएंड आईटी, ईआरपी, कॉन्ट्रैक्ट सेल-वर्क्स, टाउनशिप (कॉन्ट्रैक्ट सेल), वित और सामग्री प्रबंधन से एसआरएम. कोर टीम के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी ने कहा कि परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए पूरी टीम को सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान, प्रबंधक (एमएम-क्रय) बिपिन नारायण द्वारा आपूर्तिकर्ता संबंध प्रबंधन चरण-3 पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। सहायक महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन-क्रय), शिखा जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। जबकि महाप्रबंधक प्रभारी (सीएंडआईटी.) एके.मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## BRIEF NEWS

### नवयुवक कांवरिया संघ समिति ने गाजे बाजे के साथ निकाली कांवर यात्रा



**ROURKELA :** नवयुवक कांवरिया संघ समिति की ओर से सावन की अंतिम सोमवारी को गोपाबंधु पल्ली से रविवार की रात गाजे बाजे के साथ भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। कांवरियों की यात्रा का शुभारंभ राज्य बीजू जनता दल के संख्यालघु सेल के उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह गोल्डी के हाथों से हुआ। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में सीताराम दत्ता, सम्राट धल (पिंटू), टूटू पात्र, राजेंद्र दास, धर्मेन्द्र यादव, पिंटू प्रसाद उपस्थित थे। कंवर यात्रा रिंग रोड होते हुए वेदव्यास त्रिवेणी संगम पहुंची। इस अवसर पर युवा कांवरियों ने संगम में स्नान व पूजा अर्चना के बाद घोघड़ तक पैदल चल कर सोमवार की सुबह भोले बाबा पर सामुहिक जलाभिषेक किया।इसी तरह गांधी रोड बस स्टैंड त्रिनाथ मंदिर से सावन के अंतिम सोमवार को बाबा घोघर महादेव पर जलाभिषेक के लिए कांवर यात्रा निकाली गई। वेदव्यास त्रिवेणी संगम का जल घोघड़ महादेव पर अर्पण किया गया। त्रिनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक पूजा के साथ महाआरती हुई।इसी तरह रेलवे कालोनी, बिरसा डाहर,बंडामुंडा, कुआर मुंडा समेत दो दर्जन से अधिक स्थानों से भव्य कांवर यात्रा निकाल कर भोले बाबा पर जलाभिषेक किया गया।इस अवसर पर नवयुवक कांवरिया संघ के युवा सोनू सिंह,मनदीप सिंह, मोनू सिंह, रंजीत,विकाश,मनोज साहू आदि के नेतृत्व में कांवर यात्रा निकाली गई।

### योग से जुड़े साधक और साधिकाओं को किया गया सम्मानित



**ROURKELA :** ओम योगा सेंटर में योग से जुड़े साधक साधिकाओ को सोमवार को सम्मानित किया गया। सम्मानित सभी फ्रेंडशिप योग चैम्पियनशिप कोलकाता में भाग लेकर वापस लौटे थे। इस अवसर पर सभी योग साधक साधिकाओ को गुरुद्वारा कमेटी के बलदेव सिंह, लायंस क्लब के आरके सिंह एवं अतुल संघवी ने सभी को प्रशस्ति पत्र व शील्ड और अखंड ज्योति पत्रिका प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर पत्रकार महेन्द्र कुमार महतो, योग शिक्षकसत्यनारायण तांती ;योग शिक्षक और कोच नव किशोर धवल आदि उपस्थित थे।

### प्रश्न-मंच के भैया-बहनों ने पीजे शिशु मंदिर में लहराया परचम

**CHAIBASA :** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा के प्रभात कालीन वंदना सभा में प्रश्न-मंच प्रतियोगिता के भैया-बहनों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण कुमार सिंह और प्रभारी प्रधानाचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने संस्कृत, संस्कृति बोध,और अंग्रेजी प्रश्न मंच के विजेता भैया बहनों को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ बधाई दी और कहा कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता से भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास होता है। वे पाठ्य पुस्तक के अतिरिक्त अन्य विषयों के संबंध मे पढते हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रश्न-मंच छः विषयों के अतिरिक्त कला पर भी आधारित होते हैं। जैसे मूर्तिकला, कथा-कथन तात्कालिक, भाषण आदि। इन प्रतियोगिताओं से भैया-बहनों को सर्वगुण संपन्न बनना ही आचार्य, बंधु- भगनी का लक्ष्य है।



# फिर दिखेगी कार्तिक आर्यन–भूमि पेडनेकर की जोड़ी

बॉलीवुड में इन दिनों सीक्वल फिल्मों का दौर चल रहा है। हाल के सालों में भूल भुलैया 2, दृश्यम 2, गदर 2 और ओएमजी 2 जैसी कई सीक्वल फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई है। वहीं कई फिल्मों का सीक्वल जल्द रिलीज होने वाला है। इसी बीच एक और हिट फिल्म के सीक्वल को लेकर खबर सामने आई है। साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो की अगली किस्त लाने की तैयारी मेकर्स ने शुरू कर दी है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे अहम किरदार में नजर आई थीं। मुदस्सर अजीज की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा परफॉर्म किया था। वहीं अब खबर आ रही है कि पति, पत्नी और वो के सीक्वल में कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर तो नजर आएंगे लेकिन फिल्म से अनन्या पांडे आउट हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म में अनन्या पांडे की जगह किसी और एक्ट्रेस को कास्ट किया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'वो' की भूमिका में बदलाव होगा और एक नई अभिनेत्री को उस भूमिका के लिए कास्ट किया जाएगा। निर्माता अगले साल की शुरुआत तक फिल्म को फ्लोर पर ले जाने की योजना बना रहे हैं और फिल्म फिलहाल स्क्रिप्टिंग चरण में है।

# प्लेबैक सिंगर्स को बॉलीवुड में जगह बनाना मुश्किल

म्यूजिक कंपोजर–सिंगर हिमेश रेशमिया ने हाल ही में बातचीत के दौरान बॉलीवुड में सिंगर्स से जुड़ी बातचीत की है। हिमेश की माने तो प्लेबैक सिंगर्स के लिए बॉलीवुड में जगह बनाना बहुत मुश्किल है और यही वजह है की वह ओरिजिनल सिंगर को बढ़ावा देना चाहते हैं। बता दें, हिमेश जल्द ही सिंगिग रियलिटी शो सा रे गा मा पा के अगले सीजन में बतौर जज नजर आएंगे। हिमेश के अलावा, अनु मलिक और नीति मोहन भी जजेस पैनल में दिखेंगे।

## किस तरह के सिंगर की खोज कर रहे हैं?

इस सीजन में के हम एक प्लेबैक सिंगर नहीं बल्कि ओरिजिनल सिंगर की खोज कर रहे हैं। करीबन 30 म्यूजिकल शोज करने के बाद, मुझे लगता है की अब माहौल बदल चुका है खास तौर पर कोविड के बाद।18 साल पहले जब सा रे गा मा पा का पहला सीजन किया था तब तकरीबन 10 से 20 सिंगर्स, 10 से 20 कंपोजर इंडस्ट्री में हुआ करते थे। उस वक्त फिल्मों के लिए प्ले बैक सिंगिग के लिए लोग आते थे। आज हमारे पास 7 लाख सिंगर्स है, 130 गाने हर रोज रिलीज हो रहे हैं, ऐसे में फिल्मों में जगह नहीं है। इसीलिए अपनी पहचान बनाने के लिए ओरिजिनल आवाज की बहुत जरूरत है। हम इसी खोज में निकल पड़े हैं।
मुझे लगता है की सोशल मीडिया पर मीम्स का कल्चर हमेशा फायदेमंद होता है। मीम्स आपको अट्रेक्शन देता है। सोशल मीडिया के नजर से ये एक बहुत ही सक्सेसफुल ट्रिक है, नहीं तो जंगल में मोर नाचा, किसने देखा? इसीलिए यदि हमारे शो या कंटेस्टेंट्स का कोई मीम बनता है तो इससे उनकी रीच बढ़ती है। मीम्स ना बने तो मानो शो फ्लॉप है। अब तक मैं 30 शो का हिस्सा रह चूका हूं। हिमेश रेशमिया के लिए तो कहा जाता है की जिसने 300 सिंगर्स को अपने यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया और आज भी कर रहा है, वो भला नकली कैसे बनेगा? मैं जो दिल से फील करता हूं, वही करता हूं।





# मर्दानी फेंचाइजी सारी सीमाओं को तोड़ती है!

**भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक, रानी मुखर्जी, एकमात्र ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनके पास मर्दानी के नाम से मशहूर किरदार की फेंचाइज़ी है! भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक, रानी मुखर्जी, एकमात्र ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनके पास मर्दानी के नाम से मशहूर किरदार की फेंचाइज़ी है! उनकी ब्लॉकबस्टर फेंचाइजी मर्दानी से उन्हें सभी का प्यार और प्रशंसा मिली है। इसमें रानी ने शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाया है।**

रानी कहती हैं, मर्दानी फेंचाइजी पर मुझे बहुत गर्व है। एक अभिनेत्री के रूप में, मैंने अपनी फिल्मों के माध्यम से महिलाओं को हमेशा ही बहुत अलग ढंग से पेश करने की कोशिश की है। मुझे इस बात का एहसास हुआ है कि मैं महिलाओं को समाज में परिवर्तन लाने वाली शक्ति के रूप में दर्शाने में योगदान दे सकती हूं। वह आगे कहती हैं, मैंने महिलाओं को हमेशा महत्वाकांक्षी, आत्मनिर्भर, साहसी, दृढ़ संकल्प वाली, कभी समझौता न करने वाली, साहसी और ईमानदार दिखाने की कोशिश की है। सिनेमा में महिलाओं के प्रति मेरे दृष्टिकोण में मर्दानी फिल्म बिल्कुल फिट बैठती है और इस तालमेल के कारण ही, मुझे लगता है कि मैं इस किरदार को अपना 200 प्रतिशत दे पाई हूँ।
रानी को लगता है कि मर्दानी में उनके किरदार शिवानी शिवाजी रॉय और असल जिंदगी में जैसी वह हैं, उन दोनों में काफी समानता है। रानी कहती हैं, शिवानी और मैं एक ही हैं। इनमें कोई अंतर नही है। मुझे अपना जीवन कैसे जीना चाहिए इसके बारे में मैंने कभी किसी और को तय करने की इजाज़त नहीं दी है और अपनी सारी लड़ाइयाँ मैंने खुद ही लड़ी हैं। शिवानी शिवाजी रॉय बिल्कुल वैसी ही हैं। दरअसल इस कॉप के माध्यम से मैं खुद का किरदार निभा रही हूं, शायद यही कारण है कि लोग इस फेंचाइजी को और मेरे किरदार को इतना पसंद करते हैं। मर्दानी फेंचाइजी वास्तव में भारतीय सिनेमा के लिए एक गेम–चेंजर साबित हुई है। यह जेंडर–नॉर्म्स को बदलती है और यह दिखाती है कि कैसे एक महिला अपने दम पर बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट दे सकती है और समय के साथ आगे बढ़ती एक फेंचाइजी की कमान संभाल सकती है! वह कहती हैं, मर्दानी फैंचाइज़ी सारी सीमाओं को तोड़ती है क्योंकि यह ऐसी ब्लॉकबस्टर फैंचाइज़ी है जिसमें मुख्य भूमिका में एक महिला है। मुझे उम्मीद है कि इस फेंचाइजी की सफलता से मुख्य भूमिका में महिलाओं को लेकर बनाई जाने वाली कई और फ़िल्में बनेंगी।

# अभिनेता इमरान खान ने सिनेमा पर दिए वापसी के संकेत



लंबे समय से सिनेमा से गायब हुए अभिनेता इमरान खान ने वापसी के संकेत दिए हैं। उन्होंने 2010 की फिल्म ब्रेक के बाद के लिए केवल नकारात्मक समीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने की अपनी गलती स्वीकार की है। इमरान को आखिरी बार 2018 में कट्टी बट्टी में स्क्रीन पर देखा गया था। अभिनेता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, यदि आप सोच रहे हैं कि मैं अतीत को इतना क्यों देख रहा हूं, तो इसका कारण यह है कि मैं अपनी फिल्मों के साथ अपने रिश्ते को नया आकार दे रहा हूं। स्पष्ट रूप से कहूं तो मैं किसी को भी किसी भी चीज के लिए दोषी नहीं ठहरा रहा हूं, सभी राय मान्य हैं और हर किसी को वही चीजें पसंद नहीं आएंगी, जो सामान्य हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से उस समय मैं केवल नकारात्मक मानसिकता से चीजों को देख रहा था। उन्होंने लिखा, यहां मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ। मैंने उन आवाजों पर इतना ध्यान दिया जो दुख पहुंचाती थी, और मैंने उन आवाजों को कभी महत्व नहीं दिया जो मुझे पसंद थीं। मैं वह गलती दोबारा नहीं करूंगा। मेरा नजरिया बदलने में मेरी मदद करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। इमरान ने दानिश असलम द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी की कुछ झलकियां भी साझा की थीं, जिसे मुख्य रूप से मॉरीशस में शूट किया गया था। अभिनेता ने लिखा, 2010 की गर्मियों में मैं ब्रेक के बाद की शूटिंग के लिए मॉरीशस गया था। हम हर दिन तैरते थे, ढेर सारा समुद्री भोजन खाते थे, मॉरीशस रम का स्वाद लेते थे, और जीवन भर के लिए कुछ दोस्त बनाते थे। तमाम मौज–मस्ती के बीच हम एक फिल्म भी बनाने में कामयाब रहे। आगे कहा, इसका मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रहा है, क्योंकि इसे बनाने में मुझे कितना आनंद आया। मैं आपको पर्दे के पीछे की कई तस्वीरें नहीं दिखा सकता, क्योंकि इससे कुछ व्यक्तियों की शालीनता प्रभावित हो सकती है।

# कृति सेनन ने नेशनल अवॉर्ड जीतने का फैमिली के साथ मनाया जश्न



कृति सेनन को हाल ही में फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला है। कृति का ये पहला नेशनल अवॉर्ड है और इससे वह काफी खुश हैं। इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी फैमिली के साथ अपनी बड़ी जीत का जश्न मनाती हुई नजर आ रही हैं। कृति ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, प्यार और प्रियजनों से घिरा हुआ। मेरे दिल में बहुत आभार है। इससे पहले कृति ने आपने सोशल मीडिया पर एक लम्बा चौड़ा पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा– फिल्म के डायरेक्टर लक्ष्मण सर ने कहा था कि देखना, मिमी के लिए आपको नेशनल अवॉर्ड जरूर मिलेगा...अब मिल गया सर। शायद आपके बिना यह संभव नहीं होता।

## आलिया को दी बधाई

कृति ने अपने नोट में आलिया भट्ट का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा– आलिया आपको भी बधाई। मैंने हमेशा आपके काम को एडमायर किया है। मैं आपके साथ यह अवॉर्ड शेयर करूंगी, इसके लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हूं। बता दें, आलिया भट्ट को भी गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है।

## कृति सेनन का वर्क फ्रंट

वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति अगली बार शाहिद कपूर के साथ एक प्रेम कहानी में नजर आएंगी। एक्ट्रेस एक्शन फिल्म गणपथ में टाइगर श्रॉफ के साथ भी दिखाई देंगी। ये फिल्म इसी साल के अंत में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा कृति फिल्म द क्रू में एक्ट्रेस करीना कपूर खान और तब्बू के साथ भी काम कर रही हैं जो अगले साल आएगी।

# शाहरुख खान बहुत सक्षम कलाकार हैं



कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के होस्ट मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने शो में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह बहुत सक्षम कलाकार हैं। क्विज आधारित रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के आठवें एपिसोड में लखनऊ से आई प्रतियोगी अपर्णा सिंह ने बॉलीवुड के बादशाह से लेकर अमिताभ बच्चन तक की प्रशंसा की। बिग बी के साथ एक मनोरंजक बातचीत में 28 वर्षीय अपर्णा ने छोटे व्यवसायों के लिए डिजिटल विकास को बढ़ावा देने की अपनी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही डेटा संग्रह की जटिलताओं और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के विज्ञापन तंत्र पर प्रकाश डाला। शो में 10,000 रुपये के सवाल के लिए अपर्णा से पूछा गया, शाहरुख खान अभिनीत इनमें से कौन सी फिल्म करण जौहर द्वारा निर्देशित नहीं है? विकल्प थे, माई नेम इज खान, कुछ कुछ होता है, जब तक है जान, और कभी खुशी कभी गम। अपर्णा ने सही उत्तर चुना जो था जब तक है जान। इसके बाद उन्होंने खुलासा किया कि वह शाहरुख खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। इन खुलासों के बीच अपर्णा का शाहरुख खान के प्रति अटूट स्नेह दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि शाहरुख जी मेरे बहुत पसंदीदा अभिनेता हैं। बिग बी ने कहा कि आप पसंदीदा शब्द को इतना क्यों खींच रहे हैं? मैं जब भी उनसे मिलूंगा तो उन्हें आपके बारे में बताऊंगा। मैं कहूंगा कि अपर्णा केबीसी के सेट पर आपकी तारीफ कर रही थीं। अपर्णा ने कहा, जब वो स्माइल करते हैं तो उनके डिंपल आते हैं, और फिर हम बस ऐसे फ्लैट हो जाते हैं। अपर्णा ने बिग बी से पूछा–क्या उनकी मुस्कान आप पर भी वैसे ही काम करती है जैसे हम पर काम करती है? 80 वर्षीय अभिनेता ने जवाब दिया, मैंने उनके साथ जिन भी फिल्मों में काम किया है, वो (एसआरके) हंसते हैं हम गिर जाते हैं। वह बहुत सक्षम कलाकार हैं। मैं उन्हें आपका मोबाइल नंबर दे दूंगा। लेकिन आपको उससे जवाब मिलेगा या नहीं, ये मेरी जिम्मेदारी नहीं है। इसके बाद अपर्णा ने कहा, एकतरफा प्यार की किस्मत बहुत मजबूत होती है। यह शाहरुख का ही डायलॉग है।

# अनुपम खेर को नेशनल अवॉर्ड न मिलने का मलाल



24 अगस्त को 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स अनाउंस किए गए। एक्टर अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया, जबकि आलिया भट्ट और कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेसेस बनीं। इसमें विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स ने नेशनल इंटिग्रेशन पर बनी फिल्म बेस्ट फीचर फिल्म का नरगिस दत्त अवॉर्ड जीता। इससे डायरेक्टर विवेक तो काफी खुश नजर आए, लेकिन फिल्म के लीड एक्टर अनुपम खेर को जरा मलाल हुआ। एक्टर को इस बात का दुख है कि उन्हें एक्टिंग के लिए अवॉर्ड नहीं मिला। 24 अगस्त को 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स अनाउंस किए गए। एक्टर अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया, जबकि आलिया भट्ट और कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेसेस बनीं। इसमें विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स ने नेशनल इंटिग्रेशन पर बनी फिल्म बेस्ट फीचर फिल्म का नरगिस दत्त अवॉर्ड जीता। इससे डायरेक्टर विवेक तो काफी खुश नजर आए, लेकिन फिल्म के लीड एक्टर अनुपम खेर को जरा मलाल हुआ। एक्टर को इस बात का दुख है कि उन्हें एक्टिंग के लिए अवॉर्ड नहीं मिला। अनुपम खेर ने द कश्मीर फाइल्स को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर ट्विटर पर एक लंबा–चौड़ा पोस्ट शेयर किया और लिखा, बहुत ही खुशी और गर्व कि बात है कि द कश्मीर फाइल्स ने नेशनल अवॉर्ड जीता। फिल्म को राष्ट्रीय एकता पर बेस्ट फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त अवॉर्ड मिला। एक एक्टर ही नहीं बल्कि फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर भी मैं इस फिल्म को मिली मान्यता से खुश हूं। तब और खुशी होती, अगर मुझे मेरी एक्टिंग के लिए भी अवॉर्ड मिलता। पर अगर सारी ख्वाहिशें पूरी हो जाएं तो आगे काम करने का मजा और उत्साह कैसे आएगा। चलिए! अगली बार। बता दें, विवेक अग्निहोत्री के डायरेक्शन में बनीं फिल्म में अनुपम खेर अहम किरदार में नजर आए थे। 90 में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उनके दर्द की कहानी बयां करती द कश्मीर फाइल्स मार्च 2022 में रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी।